



दैनिक
# सांध्य प्रकाश
भोपाल की धड़कन




.वर्ष 54/ अंक 257/ पृष्ठ 8 / मूल्य ₹ 2.10 | संस्थापक- स्व. सुरेंद्र पटेल | ■आर.एन.आई 22296/71 ■डाक पंजीयन मप्र/भोपाल/125/12-14

भोपाल, गुरुवार 24 अप्रैल 2025 भोपाल से प्रकाशित | dainiksandhyaprakash.in



### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मधुबनी से पहलगाम हमले को लेकर भरी हुंकार

# आतंकियों को मिट्टी में मिलाने का समय

# कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बिहार के मधुबनी में पंचायती राज दिवस पर हुंकार भरी। जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार को बिहार आए। मधुबनी में पीएम मोदी की रैली में पाकिस्तान मुर्दाबाद के नारे लगाए गए। इस रैली में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपने भाषण की शुरुआत में पहले पहलगाम में मारे गए लोगों के लिए कुछ समय के लिए मौन रख कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। पीएम मोदी ने साफ कर दिया है कि जिन आतंकियों ने देश की आत्मा को चोट पहुंचाई है उन्हें किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाएगा। 22 अप्रैल को जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकियों ने मासूम लोगों को जिस बेरहमी से मारा है उससे कोटि-कोटि देशवासी दुखी है। सभी पीड़ित परिवारों के इस दुख में पूरा देश उनके साथ खड़ा है। जिन घायलों को अभी इलाज चल रहा है वो जल्द स्वस्थ हो इसके लिए भी सरकार प्रयास कर रही है। साथियों इस आतंकी हमले में किसी ने अपना बेटा खोया, किसी ने अपना भाई खोया तो किसी ने अपना जीवन साथी खोया है।

बता दें कि पीएम मोदी ने मधुबनी के झंझारपुर की लोहना पंचायत में पंचायती राज दिवस पर आयोजित सभा में शामिल हुए हैं। वे 13,480 करोड़ से अधिक की परियोजनाओं का करेंगे उद्घाटन और शिलान्यास किया। पीएम ने बताया कि सरकार बिहार में बाढ़ के प्रकोप कम करने के लिए 11 हजार करोड़ खर्च करने वाली है। इससे बागमती, धार, बूढ़ी गंडक और कोसी पर बांध बनेंगे।



### सजा मिलकर रहेगी

आतंकियों पर अपने अंदाज में बरसते हुए पीएम मोदी ने कहा कि जिन्होंने यह हमला किया है उन आतंकियों को और इस हमले की साजिश रचने वालों को उनकी कल्पना से भी बड़ी सजा मिलेगी। यह सजा मिलकर रहेगी। अब आतंकियों की बची खुची जमीन को भी मिट्टी में मिलाने का समय आ गया है। पीएम ने कहा कि बिहार की धरती से मैं पूरी दुनिया को कहता हूं कि भारत सभी आतंकियों की पहचान कर उन्हें सजा देगी। भारत की ताकत तो आतंकवाद नहीं तोड़ सकता है। हम इस मामले में न्याय के लिए हर काम करेंगे।

### जम्मू-कश्मीर में 24 घंटे में तीसरा एनकाउंटर, जवान शहीद, आतंकियों के 4 सहयोगी गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पहलगाम आतंकी हमले के बाद जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच पिछले 24 घंटे में लगातार तीसरा एनकाउंटर चल रहा है। सुरक्षाबलों ने उधमपुर के डूडू बसंतगढ़ में कुछ आतंकियों को घेर लिया है। आतंकवादियों की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। मुठभेड़ में सेना का एक हवलदार शहीद हो गया। व्हाइट नाइट कॉर्प्स ने एक्स पर रैंक 6 पैराएसएफ के शहीद हवलदार झंटू अली शेख को श्रद्धांजलि दी। उधर, जम्मू-कश्मीर में बांदीपुरा पुलिस ने लश्कर-ए-तैयबा के चार ओवर ग्राउंड वर्कर (ओजीडब्ल्यू) को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि उन्हें जानकारी मिली थी कि आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा से जुड़े कुछ OGW पुलिस और गैर स्थानीय लोगों पर हमला करने का मौका तलाश रहे थे। बांदीपोरा पुलिस ने तलाशी अभियान शुरू किया और जिले में विभिन्न स्थानों पर घेराबंदी की थी।

## पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर लोगों ने किया प्रदर्शन

**नई दिल्ली।** पहलगाम आतंकी हमले के विरोध में दिल्ली में पाकिस्तान हाई कमीशन के बाहर लोगों ने प्रदर्शन किया। हाई कमीशन के बाहर से पुलिस ने बैरिकेड्स भी हटा दिए हैं। केंद्र सरकार ने पाकिस्तान सरकार के एक्स हैंडल को भारत में बैन कर दिया है। आतंकवाद विरोधी कार्य मंच और भाजपा सदस्यों ने दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग के पास पहलगाम आतंकी हमले के खिलाफ




प्रदर्शन किया। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद के जमकर नारे लगाए। वहीं, महिलाओं के हाथों में पाकिस्तान मुर्दाबाद के पोस्टर भी देखे गए। भाजपा नेता डॉ. हर्षवर्धन ने कहा कि दिल्ली में भाजपा आज भारत के 140 करोड़ लोगों के दिलों में जो भावनाएं हैं, उन्हें व्यक्त कर रही है। हम पीएम मोदी को भरोसा दिलाते हैं कि हम उनके साथ खड़े हैं। संयुक्त राष्ट्र और अंतरराष्ट्रीय समुदाय से हमारी मांग है कि पाकिस्तान को आतंकवाद का समर्थन करने वाला देश घोषित किया जाए। भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय ने कहा कि भारत के लोगों के दिलों में गुस्सा है। पाकिस्तान को बर्दाश्त नहीं हुआ कि कश्मीर मुख्यधारा में कैसे शामिल हो गया। कल मोदी सरकार ने पाकिस्तान पर कूटनीतिक सर्जिकल स्ट्राइक की। भारत सरकार इस घटना का बदला लेगी। उन्होंने कहा हम पाकिस्तान को बताना चाहते हैं कि अब वह सीमा पार आतंकवाद को जारी नहीं रख सकता। भारत सरकार और हमारी सेना पाकिस्तान को मुंहतोड़ जवाब देगी।

## पहलगाम हमले में मारे गए सुशील का अंतिम संस्कार

### इंदौर में पत्नी ताबूत से लिपटकर रोई, बुआ बोलीं-अब किसका इंतजार करूंगी मैं

**इंदौर।** पहलगाम आतंकी हमले में जान गंवाने वाले इंदौर के सुशील नथानियल का अंतिम संस्कार जूनी इंदौर कब्रिस्तान में ईसाई रीति रिवाज से किया गया। यहां परिजन, रिश्तेदार और दोस्तों के अलावा मंत्री तुलसी सिलावट, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी, जिला अध्यक्ष सदाशिव यादव समेत कई लोग मौजूद रहे। इससे पहले सुशील






की अंतिम यात्रा वीणा नगर स्थित उनके घर B 68 से शुरू हुई। पार्थिव शरीर विशेष वाहन में नंदा नगर चर्च पहुंचाया गया। यहां प्रार्थना के बाद कब्रिस्तान के लिए रवाना हुआ। अंतिम यात्रा से पहले सुशील के घर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। पत्नी जेनिफर उनके ताबूत से लिपटकर रोई। पिता बदहवास नजर आए। सुशील की छोटी बुआ इंदु डावर की आंखों से आंसू रुक नहीं रहे थे। कांपती आवाज में बस एक ही सवाल बार-बार पूछ रही थीं, अब किसका इंतजार करूंगी मैं, बता मुझे। ये दृश्य देखकर मौके पर मौजूद हर किसी की आंखें नम हो गईं। बेटे ऑगस्टिन ने बताया कि आतंकवादी कैमरे लगाकर आए थे और सेल्फी ले रहे थे।

### दर्द देखकर सबकी आंखें नम

सुशील की पार्थिव देह के घर पर लाते ही स्वजन फफक पड़े। बेटी के पैर में लगी गोली का जख्म और बेटे व पत्नी का दर्द देखकर सबकी आंखें नम हो गई। स्वजन एक-दूसरे को संभालते दिखे। सुशील के घर दिनभर आस-पड़ोस के लोगों का आना-जाना लगा था। छोटे भाई विकास के घर भी स्वजन और जनप्रतिनिधि पहुंचते रहे।

### पीएम करेंगे कार्रवाई हमें पूरा भरोसा: सीएम



**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा, झ...पहलगाम की घटना के बाद जिस तरह से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना विदेश दौरा संक्षिप्त किया, बल्कि एयरपोर्ट पर बैठक ली और कल लिए गए फ़ैसले इस बात के संकेत हैं कि हम अपने देश के लिए कितना चिंतित हैं। प्रधानमंत्री, गृह मंत्री ऐसे हमलों को अंजाम देने वालों को बख्शने वाले नहीं हैं...हमें उम्मीद है कि ऐसी कायरतापूर्ण हरकत करने वालों और उनके पीछे मौजूद लोगों के खिलाफ़ प्रधानमंत्री ज़रूर कार्रवाई करेंगे, हमें उन पर भरोसा है।




### आतंकवादी घटना ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया: प्रहलाद

पंचायत ग्रामीण एवं श्रम कैबिनेट मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने आज पंचायती राज दिवस पर रायसेन जिला के जनपद पंचायत सांची में ग्राम पंचायत सिलपुरी मैं बिहार के मधुबनी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के सीधे प्रसारण को पंचायत प्रतिनिधियों के साथ सुना एवं उनसे सुखद संवाद किया। आज पंचायती राज दिवस है। मैं त्रिस्तरीय पंचायत के प्रतिनिधि, सरपंच, जनपद सदस्य और जिला पंचायत सदस्य सहित सभी पदाधिकारियों को ह्लदय शुभकामनाएं देता हूँ।मध्य प्रदेश राज्य की जनता को भी पंचायती राज़ दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। प्रधानमंत्री पटना से सभी पंचायत प्रतिनिधियों को संबोधित किया। आज की हमारी ग्राम सभा बेहद महत्वपूर्ण हो जाती है, हमारा कर्तव्य और बढ़ जाता है। जब 2 दिन पहले कश्मीर में एक नृसंस आतंकवादी घटना ने पूरे देश को स्तब्ध कर दिया है। ऐसी स्थिति में हम स्थानीय प्रशासन होने के नाते ग्राम प्रशासन होने के नाते अपनी सजगता में और बढ़ोतरी करे।



राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में पर्यावरण नियोजन एवं समन्वय संगठन (एप्को) साधारण सभा की 13वीं बैठक आज राजभवन में सम्पन्न हुई।



मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव ने सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विभाग की मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में समीक्षा की।

## मप्र-राजस्थान समेत 12 राज्यों में हीटवेव का अलर्ट: तापमान 3 से 5 डिग्री तक बढ़ सकता है

**भोपाल/जयपुर/दिल्ली।** मौसम विभाग ने गुरुवार को दिल्ली, राजस्थान, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश समेत 12 राज्यों में हीटवेव की चेतावनी जारी की है। इस दौरान कई राज्यों में तापमान 3-5 डिग्री तक बढ़ सकता है। उत्तर प्रदेश में अगले 5 दिन में अधिकतम तापमान 47 डिग्री पहुंचने का अनुमान है।




राजस्थान के 2 जिलों में आज लू का यलो अलर्ट है। राज्य में सुबह-शाम के तापमान में बड़ा अंतर देखने को मिल रहा है। कई शहरों में दिन का तापमान 40 डिग्री पार तो रात का टेम्परेचर 20 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो रहा है। जोधपुर, चूरू, सीकर समेत 13 शहरों में न्यूनतम तापमान 20 डिग्री सेल्सियस से नीचे दर्ज किया गया। वहीं, गुरुवार को रूक्क के 21 जिलों में हीटवेव यानी लू चलेगी। भोपाल, इंदौर, उज्जैन और जबलपुर समेत अन्य जिलों में गर्मी का असर तेज रहेगा। यहां पारा 42 डिग्री के पार भी पहुंच सकता है।

उधर, छत्तीसगढ़ के कुछ जिलों में लू का यलो अलर्ट जारी किया है। मौसम विभाग के मुताबिक 3 दिनों तक दिन के तापमान में विशेष बदलाव होने के आसार नहीं है। रायपुर, बिलासपुर और दुर्ग में पारा 42 से 44 डिग्री के आसपास रहने की संभावना है।

वहीं, मौसम विभाग ने केरल, तमिलनाडु, अरुणाचल प्रदेश सहित 12 राज्यों में आज बारिश की संभावना जताई है। अरुणाचल प्रदेश, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम और त्रिपुरा में 27 अप्रैल तक भारी बारिश का अलर्ट है। असम और मेघालय में तेज आंधी-तूफान की आशंका है।

### आष्टा के पास अंग्रेजी शराब से भरा ट्रक पलटा, लगी आग, ड्राइवर की मौत

**आष्टा।** गुरुवार 24 अप्रैल को सुबह 6 बजे पश्चात ट्रक क्रमांक एमपी 28 एच 1489 जो बड़वाह से शासकीय मेग डबल अंग्रेजी शराब लेकर जबलपुर स्थित शासकीय वेयरहाउस के लिए रवाना हुआ था, वह इंदौर भोपाल हाईवे पर कोठरी के पास दुर्घटनाग्रस्त होकर पलट गया, जिसके पश्चात उसमें आग लग गई। ट्रक में जला हुआ शव मिला है, जो संभवतः ट्रक चालक का होगा। शव की गर्दन,हाथ-पैर कट गए। पुलिस शव की शिनाख्त कराने में लगी है।



## भेल कमर्शियल एरिया में लगी आग

**भोपाल।** प्रदेश की राजधानी भोपाल के भेल कॉमर्शियल एरिया में आज दोपहर भीषण आग लग गई। यह आग भेल के नौ नंबर गेट के पास लगी, जिसने कुछ ही देर में बड़ा रूप ले लिया। गर्मी के चलते आग तेजी से फैलने लगी, जिससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। यहां गर्मी के चलते आग बढ़ती जा रही है। जानकारी के बाद भेल में मौजूद कर्मचारियों को बाहर निकाला जा रहा है। जानकारी के अनुसार आग नौ नंबर गेट पर लगी है। यह आग भेल के 9 नंबर गेट के पास कॉमर्शियल ग्रीन बेल्ट एरिया में लगी, जिसने कुछ ही देर में विकराल रूप धारण कर लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही धुएं का बड़ा गुबार आसमान में छा गया, जो 15 किलोमीटर दूर से भी दिखाई दे रहा था। घटना की सूचना मिलते ही क्नाश्वरुके अग्निशमन यंत्र सक्रिय हो गए और आग बुझाने का प्रयास किया गया। बताया जा रहा है कि अंदर ऑयल की टंकियों में ब्लास्ट हुआ है। हजारों पेड़-पौधे आग की चपेट में आ गए।आग तेजी से फैलने के कारण दमकल विभाग को सूचना दी गई।

### ग्रीन बेल्ट में लगी है आग

जानकारी के अनुसार भेल में ग्रीन बेल्ट में भीषण आग लगी है। प्राथमिक तौर पर जो जानकारी है उसके अनुसार पीछे के इलाके में ये आग लगी है। सीआईएसएफ की टीम मौके पर मौजूद है।



### फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर मौजूद

घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियाँ मौके पर पहुँची और आग पर काबू पाने की कोशिशें शुरू की गईं। भेल परिसर में मौजूद कर्मचारियों को तुरंत बाहर निकाला गया ताकि किसी प्रकार की जनहानि न हो। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगते ही धुएँ का बड़ा गुबार आसमान में छा गया, जिससे आसपास के लोग भी दहशत में आ गए। आग पर काबू पाने की कोशिशें अभी जारी हैं, लेकिन गर्म हवाओं के कारण यह चुनौतीपूर्ण हो रहा है। यहां हजारों की संख्या में पेड़ हैं। यहां गाड़ियां अंदर नहीं जा पा रही है। जेसीबी के रास्ते से यहां रास्ता बनाया जा रहा है। जिसके बाद ही फायर बिग्रेड की गाड़ियां अंदर जा पाएंगीं। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और लोगों से अपील की गई है कि वे घटनास्थल के आसपास न जाएं। प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। वहीं फिलहाल आग लगने के कारणों का पता नहीं चल पाया है, लेकिन प्रारंभिक तौर पर शॉर्ट सर्किट की आशंका जताई जा रही है। प्रशासन ने मामले की जांच के आदेश दे दिए हैं और लोगों से अपील की गई है कि वे घटनास्थल के आसपास न जाएं।

### मंत्री सारंग और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे



भेल भोपाल में लगी भीषण आग ने पूरे क्षेत्र में हड़कंप मचा दिया है। दमकल विभाग और प्रशासन की तत्परता से आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है। मंत्री विश्वास सारंग भोपास कलेक्टर समेत सभी अधिकारी मौके पहुंचे हैं। मंत्री सारंग ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि आग पर जल्द से जल्द काबू पाया जाए और किसी भी प्रकार की जनहानि न हो।

सबकी अपनी राम कहानी आत्मकथा पुस्तक का लोकार्पण

# अनकही कहानी होती है आत्मकथा : मनोज श्रीवास्तव



**भोपाल।** ईमानदारी से अपनी आत्मकथा लिखना बेहद कठिन कार्य होता है। वास्तव में आत्मकथा अपनी अनकही कहानी होती है, जिसे लिखकर व्यक्ति उस वेदना से मुक्त हो जाता है, जिसे वह कभी अभिव्यक्त नहीं कर पाता। ये विचार मध्य प्रदेश के राज्य निर्वाचन आयुक्त एवं प्रख्यात साहित्यकार मनोज श्रीवास्तव ने व्यक्त किए। वे मंगलवार को भोपाल में विश्व संवाद केंद्र में मध्यप्रदेश राज्य प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी स्व. राम वल्लभ नागर की आत्मकथा सबकी अपनी राम कहानी के विमोचन समारोह में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। सब की अपनी राम कहानी का संपादन के स्व. नागर के ज्येष्ठ पुत्र एवं भारतीय सूचना सेवा के वरिष्ठ सेवानिवृत अधिकारी सुप्रसिद्ध लेखक, पत्रकार, समीक्षक एवं स्तंभकार श्री विनोद नागर ने किया है। लोकार्पण समारोह की अध्यक्षता छत्तीसगढ़ के पूर्व मुख्य सचिव श्री अशोक विजयवर्गीय ने की। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के सांस्कृतिक सलाहकार श्रीयुत श्रीराम तिवारी सारस्वत अतिथि तथा विश्व संवाद केंद्र के अध्यक्ष लाजपत आहूजा विशेष अतिथि के रूप में मौजूद थे। मनोज श्रीवास्तव ने कहा कि हम सब का जीवन एक कहानी ही होता है और व्यक्ति का जैसा जीवन होगा वैसी ही उसकी कहानी होती है। स्व. राम वल्लभ नागर का जीवन भी सरल, सहज, कर्मठ और ईमानदारी से परिपूर्ण रहा है जिसकी गाथा सबकी अपनी राम कहानी में विनोद नागर ने पूरी ईमानदारी से संपादित की है। उन्होंने विशेष रूप से उल्लेख करते हुए कहा कि लेखक ने पुस्तक में अपनी नौ पीढ़ियों का जिक्र किया है जो वास्तव में प्रेरणादायक है क्योंकि आमतौर पर दो-तीन पीढ़ियों से ज्यादा किसी को भी जानकारी नहीं होती है। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा में अपने दायित्वों का निर्वाह बिना राग द्वेष और दबाव व प्रभाव में आए बिना करना एक बड़ी चुनौती होती है लेकिन स्व. नागर ने अपने कर्तव्य का पूरी ईमानदारी से निर्वहन किया। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आत्मकथा लिखने और संपादन करने वालों के लिए सबकी अपनी राम कहानी उपयोगी पुस्तक सिद्ध होगी। अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अशोक विजयवर्गीय ने स्व. राम वल्लभ नागर के साथ बिताये दिनों को याद करते हुए कहा कि वे बेहद सुलझे हुए अधिकारी थे जिन्होंने विषम परिस्थितियों में भी अपने विवेक और सूझबूझ से अपने कर्तव्य का पालन किया। राजनेताओं और उच्च अधिकारियों के दबाव में आए बिना अपने दायित्व का निर्वहन कैसे किया जाता है, जानने के लिए लोगों को यह आत्मकथा अवश्य पढ़नी चाहिए। श्रीयुत श्रीराम तिवारी ने कहा कि इस आत्मकथा में नई पीढ़ी को गुजरे जमाने की वास्तविकता की जानकारी मिलती है। सगे संबंधियों, मित्रों और उससे संबंधित अन्य लोगों की यादें ताजा हो जाती हैं। श्री लाजपत आहूजा ने कहा कि विनोद नागर ने अपने पिताजी की डायरी में लिखे संस्मरणों को संपादित कर पुस्तक के रूप में प्रकाशित कर पितृ ऋण चुकाने का प्रयास किया है।

पुस्तक की समीक्षा करते हुए सुरेश पटवा ने मप्र के पूर्व मुख्य सचिव आरसीवीपी नरोन्हा और वीपी मेनन की आत्मकथाओं का उदाहरण देते हुए (स्व.) राम वल्लभ नागर के सेवाकाल के कई यादगार प्रसंगों का उल्लेख किया। सबकी अपनी राम कहानी के संपादक विनोद नागर ने अपने संबोधन में बताया कि पिताजी ने अपनी सेवानिवृत्ति के करीब 8 वर्ष बाद पौत्र अर्पण द्वारा भेंट की गई डायरी में संस्मरण लिखना शुरू किया और बारह वर्ष तक इसे लिखते रहे। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण और दीप प्रज्वलित किया। सुश्री मांडवी सिंह ने सरस्वती वंदना प्रस्तुत की। कार्यक्रम का संचालन साहित्यकारघनश्याम मैथिल अमृत ने किया। संगीता नागर ने आभार माना। समारोह में स्व. रामवल्लभ नागर की पत्नीमधुकांता नागर सहित पद्मश्री से सम्मानित वरिष्ठ पत्रकार विजयदत्त श्रीधर, मप्र प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. नवीन आनंद जोशी, सप्रसिद्ध अभिनेता एवं रंगकर्मीराजीव वर्मा और उनकी सहधर्मिणी रीता भादुड़ी वर्मा, मुंबई से पधारे वरिष्ठ फ़िल्म समीक्षकअजीत राय, निराला सृजनपीठ की निदेशक डॉ. साधना बलवटे, मप्र लेखक संघ के अध्यक्षराजेन्द्र गट्टानी, तुलसी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष डॉ. मोहन तिवारी आनंद, अ.भा. कला मंदिर के अध्यक्षगौरीशंकर शर्मा गौरीश, बाल साहित्य शोध केंद्र के निदेशकमहेश सक्सेना, नागर ब्राह्मण समाज भोपाल के अध्यक्षरवीन्द्र शर्मा, इन्दौर नागर ब्राह्मण समाज के अध्यक्षअभिनव दवे, ब्रह्माकुमारीज मीडिया विंग की स्थानीय प्रमुख बीके रीना दीदी, ज्ञानमुद्रा प्रकाशन केवरुण माहेश्वरी, वरिष्ठ साहित्यकारअशोक निर्मल, कर्नल गिरिजेश सक्सेना, डॉ. निरंजन श्रोत्रिय, परशुराम तिवारी, नईदुनिया के पूर्व संपादक पंकज पाठक, वरिष्ठ पत्रकार रामभुवन सिंह कुशवाह, राजेंद्र शर्मा, महेंद्र शर्मा, आकाशवाणी के समाचार संपादक संजीव शर्मा, डेली न्यूज़ हब वेब पोर्टल के प्रधान संपादक मधुकर पवार, पीआईबी के उपनिदेशकअजय उपाध्याय, सीबीसी के उप निदेशकशारिक नूर, स्वराज संस्थान संचालनालय के उप निदेशकसंजय यादव, एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ़ इंडिया के उप निदेशकसंजय आरजू, एनटीपीसी के जनरल मैनेजरसंदेश जैसवाल, जनसंपर्क विभाग के पूर्व संयुक्त संचालकप्रतीश पाठक, चंद्रकिशोर सिसोदिया और अतुल खरे, पूर्व मुख्य पोस्ट मास्टर जनरल मनु व्यास आदि मौजूद रहे।

# विरासत स्थलों का सुरक्षात्मक संरक्षण प्रशिक्षण कार्यशाला का आयोजन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

कल सहेजी गई विरासत आज हमारी पूंजी के रूप में मौजूद है। यदि इसका संरक्षण नहीं किया गया, तो यह धरोहरें भविष्य में केवल हमारी स्मृतियों में जीवित ना रह जाए, बल्कि भावी पीढ़ी के लिए मूल रूप से संजो के राखी जाए, इसका प्रयास हम करते रहेंगे। इसी उद्देश्य के साथ संचालनालय पुरातत्व, अभिलेखागार एवं संग्रहालय, मध्यप्रदेश द्वारा दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम विरासत स्थलों का सुरक्षात्मक संरक्षण का आयोजन कराया जा रहा है। यह कार्यक्रम 23 एवं 24 अप्रैल को राज्य संग्रहालय, श्यामला हिल्स, भोपाल में आयोजित किया गया है , जो प्रात: 10:30 बजे से सायं 5-30 बजे तक चलेगा। इसमें मुख्यालय के अधिकारीयों सहित उपसंचालक कार्यालयों के अधिकारीयों एवं कर्मचारियों एवं म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम एवं इंटेक से भी प्रतिभागियों सहित विषय विशेषज्ञों ने भाग लिया। प्रमुख सचिव, म.प्र. शासन, संस्कृति, पर्यटन एवं धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व विभाग श्री शिव शेखर शुक्ला ने इस प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारम्भ करते हुए कहा कि यदि हम अपनी विरासत का संरक्षण नहीं करेंगे, तो आने वाली पीढ़ियाँ इसे भुला सकती हैं। हमें अपने सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहरों के संरक्षण हेतु नवीन तकनीकों को अपनाना होगा एवं इस प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आवश्यक रूप से आयोजित होते रहना चाहिए 7 इस अवसर पर सचिव, म.प्र. शासन संस्कृति विभाग एवं आयुक्त पुरातत्व उर्मिला शुक्ला भी कार्यक्रम में उपस्थित रहे एवं सम्पूर्ण कार्यक्रम उनके मार्गदर्शन में किया। संयुक्त संचालक, संचालनालय पुरातत्व डॉ. मनीषा शर्मा ने संचालनालय की विभिन्न उपलब्धियों को रेखांकित करते हुए विभाग के प्रयासों की जानकारी दी। इस अवसर पर डॉ. रवींद्र ठाकुर ने विरासत स्थलों की समझ एवं उनके संरक्षण की आवश्यकता विषय पर प्रस्तुति दी, जिसमें उन्होंने ऐतिहासिक स्थलों के महत्व और उनके संवेदनशील संरक्षण की आवश्यकता पर प्रकाश डाला।

# 200 श्रद्धालुओं का जत्था पांच बसों से धर्मयात्रा पर रवाना




## जीनगर समाज के युवाजन वर्तमान समय के श्रवण कुमारः ढालिया

**भोपाल।** जीनगर समाज के 200 धर्म यात्रियों का जत्था मथुरा वृंदावन हरिद्वार ऋषिकेश ओर खाटू श्याम के पावन धामो के दर्शन हेतु 5 बसों से गणेश मंदिर टीला रामपुरा से मंत्रोंचारों के बीच समाजसेवी मुरली डाबी के नेतृत्व में प्रारंभ हुआ इससे पूर्व सभी तीर्थ यात्रियों का गमछा ओढ़ा मिष्ठान खिलाकर आनंदी देवी पूनम चंद चौहान स्मृति मंच की ओर से यात्री बैग देकर संयोजक पृथ्वीराज चौहान ने पुष्प वर्षा की इस अवसर पर श्रद्धालुओं को भाजपा उत्तर विधानसभा प्रभारी पंकज चौकसे,पार्षद और जोन अध्यक्ष देवेंद्र भार्गव, क्षेत्रीय पार्षद शैलेश साहू ,घनश्याम कुशवाह, महेश मकवाना और जीनगर ज्योति के राष्ट्रीय संयोजक भगवान दास ढालिया ने संबोधित कर समाज के युवा जनों को आज का श्रवण कुमार बताया और इसी उत्साह से देश और सामाज हित के कार्य करने का आवाहन किया समाज के वरिष्ठ जनों ने भगवा झंडा दिखाकर बसों को रवाना किया. इस अवसर पर रवि सूर्यवंशी, मुकेश मेर, सोनू पंवार,राजकुमार सांखला, सुनील सोनगरा, पवन चौहान, महेंद्र पवार,हुकुमचंद चौहान,महेश डाबी, महेन्द्र पंवार,जगमोहन राजपूत, दिनेश भोसले, सचिन पवार,ऋतिक पवार सहित काफी संख्या में मातृशक्ति ने धर्म यात्रा पर रवानागी पूर्व पहलगाम हमले की कायरना हरकत का विरोध कर दिवंगत नागरिकों को भावपूर्ण श्रद्धांजलि भी दी।

# नई बस्ती बाग मुगालिया में लगी आग लाखों का सामान जलकर हुआ था खाक

**भोपाल।** कल रात नई बस्ती बाग मुगालिया नई बस्ती शिव मंदिर चोराहा पर मंशा मोबाइल और साची पार्लर एवं मनीष किराना स्टोर में रात्रि रात 12 बजे आग लगी जो बागसेवनिया थाने को सुचित किया गया जो कि थाने टाइम पर पहुंच लेकिन फायरब्रिगेड की गाड़ी 2 घंटे देर से आई जिसकी वजह से आग पर काबू नहीं का पाया जिससे नुक्सान 4 फ्रीज फोटोकॉपी मशीन जिस्मे करीबन 15 लाख का नुक्सान हुआ है भीषण आग लगने से लाखों का सामान जलकर हुआ बाग मुगलिया नई बस्ती में बाग मुगलिया नई बस्ती में



समाजसेवी शोभा पांडे की दुकान में लगी भीषण आग में लाखों रुपए का सामान जलकर राख हो गया है करीबन रात को 12 बजे अचानक दुकान से लफ्टे धुआं उठने लगा इसे देखकर आसपास के लोगों ने चिल्ला चोट की और स्थानीय लोगों की मदद से आग बुझाने का प्रयास किया गया श्रीमती शोभा पांडे का कहना है कि फायर ब्रिगेड को फोन लगाया लेकिन देरी के आने की वजह से काफी दुकान का सामान जल गया है उन्होंने बताया कि 15 से 20 लाख का सामान जलकर राख हो गया है आग किस कारण लगी है पुलिस जांच कर रही है।

## पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की ब्लॉक कांग्रेस ने की निंदा, कड़ी कार्रवाई की मांग

**संत हिरदाराम नगर।** पहलगाम में हुए आतंकवादी हमले की ब्लॉक कांग्रेस ने कड़ी निंदा की है। ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अशोक मारण, उप ब्लॉक अध्यक्ष घनश्याम लालवानी, प्रवक्ता महेश गुरबानी ने पहलगाम कश्मीर में हुए आतंकवादी हमले की निंदा करते हुए इसे मोदी सरकार की विफलता बताया। नेताओं ने कहा कि आतंकवादियों द्वारा किए हुए इस हमले में 28 सैलानियों की मौत हो गई। इस घटना से पूरा देश सदमे में हैं हम इस हमले में मारे गए लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए ईश्वर से प्रार्थना करते हैं कि वह मारे गए लोगों की आत्मा को शांति दे एवं जो लोग इस हमले में घायल हुए वह जल्द स्वस्थ हो। वहीं नेताओं ने कहा है कि मोदी सरकार अपनी वाहवाही में इतनी व्यस्त हैं कि वह देश के नागरिकों की सुरक्षा में लापरवाही बरत रही है इतना बडा हमला होना मोदी सरकार की विफलता दिखता है। हम देश के प्रधानमंत्री एवं ग्रहमंत्री से मांग करते हैं कि पूरा देश आपके साथ है तत्काल फैसला लेकर जल्द से जल्द उन आतंकवादियों को पकड़े और जम्मू कश्मीर की सुरक्षा सुनिश्चित की जाए। हमले की निंदा करने वालों में प्रमुख रूप से वरिष्ठ कांग्रेस नेता त्रिलोक दीपानी, माधु चांदवानी, राज मनवानी, तेजा सिंह सोढी, सोनू तोमर, लीलाधर पंवार, विष्णु मारण, सुरेश सिंगरोली, तुलसी जोतवानी, प्रकाश विधानी, जीतेश खानचंदानी, जगदीश सांवले, मनोहर सतानी, अनिल टेकचंदानी, धीरज गोस्वामी सहित कई शामिल है।

## पाकिस्तान का झंडा जलाकर जताया विरोध



**भोपाल।** भारत तिब्बत सहयोग मंच के प्रांत मंत्री एवं भारतीय जनता पार्टी गांधी नगर मंडल के महामंत्री राधे महाराज ने कहा कि पाकिस्तान के द्वारा जो आतंकवादी घटना पहलगाँव कश्मीर में हुई है यह घटना घोर निंदनीय है मानवता को तार- तार करने वाली यह घटना। पाकिस्तान के झंडे को जलाकर अपना विरोध जताते हुए राधे महाराज ने कहा आज सैकड़ों कार्यकर्ताओं के साथ प्रधानमंत्री मोदी से मांग की है कि ऐसे आतंकवादियों को मिट्टी में दफना दें। जिनके साथ यह क्रूरता हुई है बर्दाश्त के लायक नहीं है। इसलिए आतंकवाद को कुचल देना चाहिए। विरोध प्रदर्शन में प्रमुख रूप से मौजूद रहे राजीव सक्सैना, स्वदेश खन्ना, अनिल परोचे, पिट्ठु विश्वकर्मा, मिथुन मेवाती, शैलेश राजोरिया सहित अन्य युवा उपस्थित रहे।

## शौर्य हमारी विरासत, व्यापार हमारा भविष्य - राजपूत बिजनेस कॉन्फ्रेंस में दिखाई दी नए युग की झलक

**भोपाल** । मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल में रविवार 20 अप्रैल को हुए इस आयोजन ने समाज में व्यापारिक चेतना और आत्मनिर्भरता को लेकर एक नई दिशा दी। राजपूत बिजनेस फोरम द्वारा आयोजित राजपूत बिजनेस कॉन्फ्रेंस पं. खुशीलाल आयुर्वेदिक संस्थान के ऑडिटोरियम में आयोजित की गई। यह पहला ऐसा अवसर था जब राजपूत समाज के प्रतिष्ठित उद्यमी, शिक्षाविद और प्रोफेशनल्स एक मंच पर एकत्रित हुए और युवा पीढ़ी को व्यापार की ओर प्रेरित किया। इस अवसर पर कॉन्फ्रेंस के संयोजक ज्ञानेंद्र सिंह ने बताया कि हमारा उद्देश्य केवल एक आयोजन करना नहीं था, बल्कि समाज में व्यवसायिक जागरूकता पैदा कर, युवाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। उन्होंने कहा, अब समय आ गया है कि हम अपने ऐतिहासिक शौर्य के साथ-साथ व्यापारिक भविष्य को भी मजबूती से आकार दें। मुख्य अतिथि ठाकुर अनूप सिंह ने कहा, अब तलवारों का नहीं, अपने व्यापार को तराशने का समय है। उन्होंने युवाओं को प्रोफेशनलिज़्म, टेक्नोलॉजी और टीमवर्क को अपनाने की सलाह दी। अंतरराष्ट्रीय शिक्षाविद और मैनेजमेंट एक्सपर्ट विक्रांत सिंह तोमर ने भगवद गीता के सिद्धांतों से व्यापार को जोड़ते हुए कहा कि योग, सुदर्शन, विजन और धैर्य ही किसी भी उद्यम की नींव होते हैं।

## जी5 पर 'लॉगआउट' स्ट्रीम हो रही है

जी5 पर सस्पेंस फ़िल्म, लॉगआउट स्ट्रीम हो रही है। यह फ़िल्म देखकर दर्शक अपने डिजिटल जीवन की सुरक्षा को लेकर सवाल पूछना शुरू करेंगे। इस फ़िल्म की कहानी बिस्वपति सरकार ने लिखी है तथा इसका निर्देशन अमित गोलानी ने किया है। इस मनोरंजक फिल्म में तनाव और नाटकीयता का बेहतरीन चित्रण किया गया है। इसके मुख्य कलाकारों में बाबिल खान, रसिका दुगल, निमिषा नायर और गंधर्व दीवान हैं। डिजिटल 18 मीडिया प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में वायकॉम 18 स्टूडियोज) और पोशम पा पिक्चर्स द्वारा निर्मित, लॉगआउट अंतर्राष्ट्रीय फेस्टिवल सर्किट में काफ़ी पसंद की गई है।

# उप्र सरकार के प्रतिनिधियों ने देखी दीनदयाल रसोई केंद्रों के संचालन की व्यवस्था

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश सरकार द्वारा नगरीय निकायों में संचालित गरीबों को 5 रूपये में भरपेट भोजन की व्यवस्था हेतु की गई अभिनव पहल "दीनदयाल अंत्योदय रसोई योजना" को उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा अपने प्रदेश में लागू करने के उद्देश्य से एक प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को नगर निगम भोपाल द्वारा संचालित रसोई केन्द्रों का भ्रमण एवं संचालन की प्रक्रिया का अध्ययन किया गया और पुतलीघर स्थित रसाई केन्द्र में पोर्टल पर प्रतिनिधि मंडल के सदस्य ने स्वयं टोकन लेकर भोजन प्राप्त किया और भोजन को घर जैसा भोजन निरूपित करते हुए अपने प्रदेश में भी इसी प्रकार की योजना को लागू करने की इच्छा जताई। निगम की अपर आयुक्त एवं मिशन संचालक सुश्री टीना यादव ने उत्तर प्रदेश के सरकार के प्रतिनिधि मंडल को दीनदयाल रसोई केन्द्रों का भ्रमण कराया और रसोई केन्द्रों की संचालन की संपूर्ण प्रक्रिया की जानकारी भी दी। उत्तर प्रदेश सरकार के राज्य शहरी आजीविका मिशन के प्रबंधक डॉ. कमल कुमार सिंह एवं मनोज कुमार वर्मा मिशन प्रबंधक एवं उनके टीम द्वारा नगर निगम भोपाल द्वारा शाहजहानी पार्क एवं पुतलीघर बस स्टैंड में संचालित रसोई केंद्रों का भ्रमण/निरीक्षण किया गया। भ्रमण के दौरान रसोई केन्द्रों के संचालन की व्यवस्था, पोर्टल प्रविष्टि एवं इसकी बारीकियां के संबंध में अपर आयुक्त नगर निगम भोपाल एवं मिशन प्रबंधक सुश्री टीना यादव तथा नगरीय विकास संचानालय के मिशन प्रबंधक श्री दुर्गेश तिवारी ने जानकारी दी। उत्तर प्रदेश के मिशन प्रबंधक डॉ. कमल कुमार सिंह ने मध्य प्रदेश सरकार द्वारा संचालित दीनदयाल रसोई केन्द्रों की सभी प्रकार की व्यवस्थाओं एवं रसोई केंद्रो में भोजन तैयार करने, भोजन का वितरण करने की प्रक्रिया तथा रसोई केंद्र संचालन के लिए सरकार द्वारा उपलब्ध कराए गए सुविधाओं के बारे में जानकारी प्राप्त की और राजधानी के पुतलीघर बस स्टैण्ड पर निगम द्वारा संचालित रसोई केन्द्र पर उत्तर प्रदेश के मिशन प्रबंधक द्वारा स्वयं पोर्टल में प्रविष्टि कराकर 5 रूपये का टोकन प्राप्त किया तथा दोपहर का भोजन रसोई केंद्र में ही किया। भोजन की गुणवत्ता को श्री सिंह ने बिल्कुल घर जैसा बताते हुए यहां की साफ-सफाई एवं अन्य सभी व्यवस्थाओं को उत्तम व्यवस्था के रूप में निरूपित किया और भोजन करने वाले प्रत्येक हितग्राहियों का ऑनलाइन पोर्टल पर इंद्राज किये जाने एवं इन्हीं प्रविष्टियों के आधार पर रसोई संचालक संस्थाओं को शासन द्वारा अनुदान का भुगतान किये जाने को उचित बताया। श्री सिंह ने मध्य प्रदेश शासन की इस अभिनव योजना की प्रशंसा करते हुए उत्तर प्रदेश के शहरों में भी ऐसे ही रसोई केन्द्र संचालन को अपनाने की इच्छा व्यक्त की।

## कीटाणुओं के बाहरी हमले से बचने के लिए, हमें अपना शरीर शुद्ध और जीवन-शक्ति ठीक रखनी चाहिएः योग गुरु महेश अग्रवाल

**भोपाल।** आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के योग गुरु महेश अग्रवाल ने बताया कि कीटाणु रोगों का कारण नहीं हैं , प्राकृतिक चिकित्सा कीटाणुओं को रोग का कारण नहीं मानती है , उदाहरण के लिये जहाँ कचरा होता है वहाँ मक्खियाँ आती हैं । जहाँ कीचड़ होता है , वहीं मच्छर भी होते हैं । मक्खियों अथवा मच्छरों को तो हानिकारक समझकर मारा जाता है लेकिन जिस कचरे में वे रहते हैं , उस कचरे को यदि नहीं हटाया जाता है तो फिर से मक्खियाँ अथवा मच्छर वहीं आ जाते हैं । मक्खियों अथवा मच्छरों से स्थाई छुटकारा प्राप्त करने के लिये , उस गन्दगी को हटाना अनिवार्य है । गन्दगी नहीं रहने से मच्छर अथवा मक्खियाँ भी नहीं रहेंगी। योग गुरु अग्रवाल ने बताया सम्पूर्ण स्वास्थ्य के लिए स्वच्छता जरुरी है , हमारे गलत खान-पान से हमारे शरीर में कब्ज , खून की खराबी और गन्दगी बढ़ती है। इसी गन्दगी में अलग-अलग प्रकार के कीटाणु उत्पन्न होते हैं। यदि हमारा खान-पान ठीक रहे , कब्ज नहीं रहे , शरीर में गन्दगी जमा नहीं होने दें तो कीटाणुओं का होना सम्भव नहीं है। शरीर के अन्दर विकारी पदार्थ का जमा रहना कीटाणुओं के लिए बिस्तर का काम करता है । यदि हम अपना खान-पान शुद्ध रखें , विचार और व्यवहार ठीक रखें , कब्ज नहीं रहने दें तो शरीर विकार मुक्त रहेगा । ऐसी स्थिति में यदि बाहर से रोग के कीटाणु शरीर के भीतर जायेंगे तो भी टिक नहीं पाएंगे और हमारी जीवन-शक्ति उनको ढकेलकर बाहर फेंक देगी। प्राकृतिक चिकित्सा के सिद्धान्त के अनुसार शरीर के अन्दर गन्दगी के कीटाणुओं का विस्तार नहीं होने पर हमें कीटाणु भी कोई हानि नहीं पहुँचा सकते हैं ।

विश्व मलेरिया दिवस



# मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने स्व. नथानियल के पार्थिव देह पर पुष्पांजलि अर्पित की



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकी हमले में मृत इंदौर के स्व. सुशील नथानियल की पार्थिव देह पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। मुख्यमंत्री ने एयरपोर्ट पर शोकाकुल परिवार से मिलकर अपनी शोक संवेदना व्यक्त की। मुख्यमंत्री ने इस हमले में घायल बेटी को भी दिलासा दी और विश्वास दिलाया कि पूरा प्रदेश और सरकार उनके साथ है। मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव से मिलते ही उनके परिजन फूट-फूट कर रो पड़े। मुख्यमंत्री ने परिजनों को दिलासा दिलायी और कहा कि दुख और शोक की इस घड़ी में न केवल प्रदेश अपितु पूरा देश उनके साथ है। दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर सांसद विष्णु दत्त शर्मा, जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट सहित इंदौर के जन प्रतिनिधि उपस्थित थे।

# राज्यपाल ने किया अलीराजपुर कलेक्टर डॉ. बेडेकर का सम्मान



**अलीराजपुर।** समामेलित विशेष निधि संग्रहण में अलीराजपुर जिले के श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं सराहनीय योगदान के लिए राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा अलीराजपुर कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। मध्य प्रदेश के राज्यपाल मंगुभाई पटेल की अध्यक्षता में बुधवार को सैनिक कल्याण म.प्र. भोपाल की समामेलित विशेष निधि की 24वीं वार्षिक बैठक राजभवन में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य सचिव अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह जे एन कंसोटिया भी शामिल हुए। सैनिक कल्याण म.प्र. भोपाल द्वारा भारतीय सशस्त्र सेनाओं के सैनिक देश की रक्षा, आंतरिक सुरक्षा और प्राकृतिक आपदाओं में कर्तव्य पालन करते हुए वीरगति को प्राप्त जाने पर उनके आश्रितों के कल्याण एवं पुनर्वास से संबंधित आर्थिक सहायता योजनाएँ संचालित की जाती हैं। इस उद्देश्य की प्राप्ति के लिए मप्र शासन द्वारा अलीराजपुर जिले के लिए 4 लाख 51 हजार धनराशि का लक्ष्य निर्धारित किया गया था। अलीराजपुर जिले ने लक्ष्य से बढ़कर 7 लाख 32 हजार रूपय की धन राशि एकत्रित की। अलीराजपुर जिले के श्रेष्ठ प्रदर्शन एवं सराहनीय योगदान के लिए महामहिम राज्यपाल मंगूभाई पटेल द्वारा अलीराजपुर कलेक्टर डॉ अभय अरविंद बेडेकर को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। उल्लेखनीय है कि समामेलित विशेष निधि संग्रहण में अलीराजपुर जिला प्रदेश में दूसरे स्थान पर रहा है। महामहिम राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने सैनिक कल्याण म.प्र. की निधि में एक लाख से अधिक दान दाता, सम्मानित नागरिकों, संस्थाओं के प्रतिनिधि, वरिष्ठ अधिकारियों, संभाग आयुक्त एवं कलेक्टरों के अभिनंदन समारोह को संबोधित भी किया।

## प्रदेश के 55 जिलों में जल संवर्धन के हुए 1388 कार्य

# मुख्यमंत्री को जल संसाधन मंत्री सिलावट ने सौंपा प्रगति प्रतिवेदन



सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल

जल संरक्षण एवं जल संवर्धन के लिए पूरे प्रदेश में गत 30 मार्च से जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है जो कि 30 जून तक चलेगा। इसके अंतर्गत प्रमुख रूप से तालाबों की पिचिंग, बोल्डर टो कार्य, पाल (बंड) की मरम्मत, नहरों की सफाई आदि कार्य जनभागीदारी एवं सामाजिक संगठनों के सहयोग से कराए जा रहे हैं। अभियान के अंतर्गत प्रदेश के 55 जिलों के 10 रिवर बेसिन (कछारों) में जल संवर्धन एवं संरक्षण के 2444 कार्य प्रस्तावित किए गए थे, जिनमें से अब तक 1056 कार्य पूरे किए जा चुके हैं, जो कि निर्धारित लक्ष्य का 43 प्रतिशत है। शेष कार्य निर्धारित अवधि में पूर्ण कर लिए जायेंगे। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को मंगलवार को जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट ने प्रदेश में जल गंगा संवर्धन अभियान की प्रगति के संबंध में विभागीय प्रतिवेदन मंत्रालय में सौंपा। मंत्री श्री सिलावट ने बताया कि प्रदेश के सभी जिलों में युद्धस्तर पर जल संरक्षण/ संवर्धन के कार्य चलाए जा रहे हैं। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम द्वारा प्रदेश भर में कराए जा रहे कार्यों की निरंतर मॉनीटरिंग कर नियमित रिपोर्ट प्रस्तुत की जा रही है। मंत्री सिलावट ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि देश के प्रत्येक नागरिक को पर्याप्त जल उपलब्ध हो सके तथा पर्यावरण का संरक्षण हो। उनके इस संकल्प को पूरा करने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के कुशल नेतृत्व में जल संरक्षण को मूर्त रूप दिया जा रहा है। अभियान में सभी नागरिकों से जल संरक्षण को अपना कर्तव्य समझकर जुड़ने का आहवान किया गया है। मुख्यमंत्री की यह पहल न केवल पर्यावण संरक्षण के लिए मील का पत्थर साबित होगी बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए भी जल संसाधनों को एवं जल संरचनाओं को सुरक्षित एवं संधारित करने में महत्वपूर्ण योगदान देगी।

# 4 हजार ग्रामों और 356 शहरी वार्डों में हुआ योग समितियों का गठन

**भोपाल।** प्रदेश में स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा योग के प्रति जागरूकता और प्रचार-प्रसार का कार्य किया जा रहा है। इसके लिये मध्यप्रदेश योग आयोग का गठन भी किया गया है। स्कूल शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह योग आयोग के अध्यक्ष हैं। प्रदेश के 52 जिलों में जिला योग समितियां और 313 विकासखंडों में विकासखंड योग समितियों के गठन का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। इन जिलों में लगभग 4 हजार ग्रामों में और शहरी क्षेत्र के 356 वार्डों में योग समितियों का गठन किया गया है। मध्यप्रदेश योग आयोग का पोर्टल तैयार कर एनआईसी पर संचालित किया जा रहा है। पोर्टल पर योग आयोग की समस्त जानकारियां, जिला योग प्रभारियों एवं विकासखंड योग प्रभारियों की व्यक्तिगत जानकारी, योग से निरोग कार्यक्रम में सहयोग देने वाले योग शिक्षकों की जानकारी को प्रदर्शित है। मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केन्द्रों के सुव्यवस्थित संचालन के लिये उपयुक्त भवन और भूमि उपलब्ध कराने के लिये कलेक्टर्स को पत्र लिखा गया है। वर्तमान में 14 जिलों ग्वालियर, मुरैना, दतिया, राजगढ़, रायसेन, सीहोर, शाजापुर, देवास, नीमच, सिवनी, छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, दमोह और शहडोल में मुख्यमंत्री जिला योग प्रशिक्षण केन्द्र संचालित हो रहे हैं। स्कूल के छात्र-छात्राओं के लिये 10 मिनट का प्रोटोकॉल मध्यप्रदेश योग आयोग द्वारा तैयार किया गया है। प्रोटोकॉल जिला योग प्रभारियों को विद्यालयों में प्रार्थना सत्र के दौरान अभ्यास कराने के लिये उपलब्ध करा दिया गया है। जिलों में गठित योग समितियों द्वारा संचालित निशुल्क योग कक्षा के लिये एक घंटे का योगाभ्यास प्रोटोकॉल तैयार कर संबंधित एजेंसी को उपलब्ध कराया गया है, जिसके आधार पर योग समितियों द्वारा संचालित निशुक्ल योग कक्षाओं में आम नागरिकों को योगाभ्यास कराया जा रहा है।

# निर्माण कार्यों में अनियमितताएं, निरीक्षण में दोषी पाए गए अधिकारियों व ठेकेदारों पर कार्रवाई

**भोपाल।** लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह के निर्देश पर प्रदेश में निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुधार के लिये माह में दो बार औचक निरीक्षण का अभियान चलाया रहा है। निरीक्षण की कार्य योजना के अंतर्गत 7 मुख्य अभियंताओं की टीमों ने प्रदेश के विदिशा, छिंदवाड़ा, दतिया, इंदौर, मंदसौर, सागर और अनुपपुर सहित अन्य जिलों में कुल 35 निर्माण कार्यों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्य रेंडम आधार पर चयनित परियोजनाओं पर किया गया, जिसमें लोक निर्माण विभाग, पीआईयू, म.प्र. सड़क विकास निगम, भवन विकास निगम एवं राष्ट्रीय राजमार्ग से संबंधित कार्य शामिल थे।

निरीक्षण के बाद प्राप्त रिपोर्ट की समीक्षा वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से प्रबंध संचालक म.प्र. सड़क विकास निगम श्री भरत यादव, प्रमुख अभियंता (बीएनआर) श्री के.पी.एस. राणा, प्रमुख अभियंता (भवन) श्री एस.आर. बघेल व अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में की गई। समीक्षा बैठक में निरीक्षणकर्ताओं की रिपोर्ट के आधार पर अनेक स्थानों पर लापरवाही सामने आने पर तत्काल प्रभाव से कार्रवाई के निर्देश दिए गए। विदिशा जिले के अंतर्गत महामायी मंदिर पहुंच मार्ग व्हाया पाटन कमालिया के निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक मापदण्ड के अनुसार नहीं पाई गई। इस पर ठेकेदार मेसर्स इन्फा डेव्हलपर्स विदिशा के पंजीयन को ब्लैक लिस्ट में दर्ज किये जाने के लिये मुख्य अभियंता भोपाल परिक्षेत्र को निर्देश दिए गए तथा संबंधित अधिकारियों को नोटिस जारी करने के निर्देश भी दिए गए। विदिशा जिले के ही शमशाबाद में 50 सीटर विमुक्त जाति प्री-मेट्रिक बालिका छात्रावास भवन के निर्माण कार्य को निर्धारित मापदण्डों के अनुरूप और गुणवत्तापूर्ण पाए जाने पर ठेकेदार और अधिकारियों की प्रशंसा की गई।

दतिया जिले के अंतर्गत इंदरगढ़-पढोकर-समथर मार्ग के निर्माण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित अनुविभागीय अधिकारी आर.के. मिश्रा की एक वेतन वृद्धि रोकी गई, उपयंत्री संतोष शर्मा को निलंबित किया गया तथा रविकांत सारस्वत उपयंत्री की एक वेतन वृद्धि भी रोकी गई। ठेकेदार मेसर्स प्रेस्टीजियर्स स्कोर्स प्रायवेट लिमिटेड ग्वालियर के पंजीयन को ब्लैक लिस्ट में दर्ज करने के लिये मुख्य अभियंता ग्वालियर परिक्षेत्र को निर्देश दिए गए। इसी जिले के सेवढ़ा-स्टेट हाईवे पर शोल्डर का कार्य ठीक नहीं पाए जाने पर एम.पी.आर.डी.सी. के असिस्टेंट जनरल मैनेजर को नोटिस देने के लिये मुख्य अभियंता को निर्देशित किया गया। सागर जिले के जरुआखेड़ा आर.ओ.बी. एवं सागर-खुरई-बीना कार्य में अत्यधिक विलंब पर ठेकेदार पर पेनाल्टी लगाने और कार्रवाई करने के निर्देश राष्ट्रीय राजमार्ग परिक्षेत्र भोपाल को दिए गए।

# अप्रैल, जून और जुलाई में 3 संभागीय कमिश्नर रिटायर होंगे, यहां 2009 बैच के आईएएस पदस्थ किए जाएंगे

सांध्य प्रकाश संवाददाता ● भोपाल



मध्य प्रदेश में इस माह सहित अगले 3 महीनों यानी अप्रैल, जून और जुलाई में 3 संभागीय कमिश्नर रिटायर हो रहे हैं। माना जा रहा है कि इन तीनों स्थानों पर 2009 बैच के आईएएस अधिकारियों को कमिश्नर बनाया जाएगा। प्रदेश सरकार जल्द ही नए मैदानी अधिकारियों की पदस्थापना करने जा रही है। इसमें कुछ संभाग आयुक्तों (कमिश्नर) को भी बदला जाएगा। अगले तीन महीने के भीतर 3 आयुक्त सेवानिवृत्त होंगे, जिनमें जबलपुर संभाग आयुक्त अभय वर्मा इसी महीने सेवानिवृत्त हो रहे हैं। ऐसे में सरकार इस महीने के आखिरी में वहां नया आयुक्त पदस्थ कर सकती है। जून में सागर संभाग के कमिश्नर वीरेंद्र सिंह रावत और जुलाई में उज्जैन संभाग के कमिश्नर संजय गुप्ता रिटायर होंगे। प्रदेश में 10 संभागों में से 9 संभागों में आयुक्त पदस्थ हैं। इनमें 2008 बैच के प्रमोटी आईएएस अधिकारी मनोज खत्री ग्वालियर संभाग के कमिश्नर है।उनके पास चंबल संभाग का अतिरिक्त प्रभार है। बताया गया है कि अब जो तबादला सूची निकलेगी उसमें चंबल संभाग का भी कमिश्नर अलग से पदस्थ किया जाएगा। यह बता दे की सीधी भर्ती के आईएएस अधिकारी कमिश्नर बनने में कतई रुचि नहीं रखते हैं। वे विभाग प्रमुख या किसी कारपोरेशन के स्र्ष बनने के इच्छुक रहते हैं। इसलिए यह देखा जा रहा है कि अब सीधी भर्ती के बजाय प्रमोटी अधिकारियों को कमिश्नर बनाया जाता रहा है लेकिन, सरकार अब सीधी भर्ती के आईएएस अधिकारियों को कमिश्नर बनाने पर गंभीरता से विचार कर रही है। ऐसे में यह देखना दिलचस्प होगा कि जो तीन कमिश्नर रिटायर हो रहे हैं क्या सरकार वहां पर सीधी भर्ती के कमिश्नर को पोस्ट करेगी या यहां पर भी प्रमोटी अधिकारी ही पदस्थ होंगे। प्रदेश में 9 संभागीय आयुक्तों में से 3 अधिकारी सीधी भर्ती के जबकि 6 अधिकारी प्रमोटी आईएएस हैं।

### 2009 बैच के बनेंगे आयुक्त

निकट भविष्य में होने वाले प्रशासनिक फेरबदल में 2009 बैच के आईएएस संभाग आयुक्त बनाए जाएंगे जिनमें सीधी भर्ती के अजय गुप्ता, प्रियंका दास, अविनाश लवानिया, सूफिया फारुखी, अभिषेक सिंह, टी. इलैया राजा, प्रीति मैथिल, अमित तोमर, श्रीकांत बनोठ के नाम हैं। इस बैच के प्रमोटी आईएएस अधिकारियों में अनुभा श्रीवास्तव, वंदना वैद्य, सतेन्द्र सिंह और मनीष सिंह में से कोई भी संभाग आयुक्त बनाए जा सकते हैं।

# एमपी ट्रांसको का डिजिटाइजेशन की दिशा में एक और प्रभावी कदम

**भोपाल।** एम.पी. ट्रांसको (मध्य प्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी) ने अपने कार्यालयीन प्रक्रियाओं में नई तकनीकों के समावेश को आगे बढ़ाते हुए डिजिटाइजेशन की दिशा में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने जानकारी दी कि मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी के कार्यों के बिलों का भुगतान, जो पूर्व में भौतिक मापन पुस्तिका में मैन्युअल प्रविष्टि के बाद होता था, अब वह डिजिटल एम.बी. के माध्यम से ही होगा। एम.पी. ट्रांसको के विभिन्न विभागों में इसका उपयोग करना अनिवार्य कर दिया गया है। मंत्री श्री तोमर ने बताया कि अब संपूर्ण मध्यप्रदेश में एम.पी. ट्रांसको के कार्यालयों में शत प्रतिशत पारदर्शिता के साथ वेंडर, ठेकेदारों आदि के बिल डिजिटल एम.बी. के माध्यम से भुगतान किये जा रहे हैं। इससे न केवल भुगतान की प्रक्रिया आसान हुई है बल्कि वेंडर, कॉन्ट्रेक्टर आदि भी अपने बिलों की करंट स्टेट्स से अवगत रहते हैं। साथ ही उन्हें निर्धारित समय पर भुगतान प्राप्त भी हो रहा है। एम.पी. ट्रांसको के अधीक्षण अभियंता श्री अजय पांडे ने बताया कि इस डिजिटल एम.बी. को कंपनी की आई.टी. एवं ई.आर.पी. सेल ने कंपनी के वित्तीय विभाग से समन्वय बनाकर इनहाउस विकसित किया है। डिजिटल एम.बी. में वेंडर और कॉन्ट्रेक्टर की उनके द्वारा किए गए कार्यों के पार्ट पेमेंट का नियमानुसार भुगतान करने की भी सुविधा दी गई है। सॉफ्टवेयर से किए गए कार्य, उपयोग हुआ मटेरियल और शेष कार्य तथा मटेरियल की गणना कर भुगतान की राशि निकल आती है। डिजिटल एम.बी. एक डिजिटल मापन पुस्तिका है।

# जल जीवन मिशन और जल गंगा संवर्धन के कार्यों को मिशन मोड में करें: प्रमुख सचिव

## सिंगरौली खंड के कार्यपालन यंत्री को किया निलंबित

**भोपाल।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रदेश के 111.77 लाख परिवारों में से 77.12 लाख (69 प्रतिशत) परिवारों को नल से जल उपलब्ध हो गया है तथा शेष ग्रामों में कार्य प्रगतिरत है। बुरहानपुर को देश का प्रथम हर घर जल प्रमाणित जिला बनने का गौरव प्राप्त है। निवाड़ी जिले को समस्त ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराते हुये हर घर जल जिला घोषित किया जा चुका है। इंदौर जिले के समस्त ग्रामीण परिवारों को नल से जल उपलब्ध कराने का कार्य पूर्णता की ओर है तथा शीघ्र ही इंदौर जिले को हर घर जिला घोषित किये जाने की कार्रवाई प्राथमिकता पर की जा रही है। विभाग द्वारा एकल ग्राम नल जल योजनाओं को शीघ्रातिशीघ्र पूर्ण कराने हेतु प्रत्येक स्तर पर समुचित प्रयास किये जा रहे है। प्रमुख सचिव, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी



पी. नरहरि ने वीडियो कांफ्रेसिंग से जल जीवन मिशन सहित अन्य विभागीय कार्यों की समीक्षा की। जल जीवन मिशन के कार्यों में रूचि न लेने तथा कार्यों की अत्यंत धीमी प्रगति के कारण श्री त्रिलोक सिंह बरकड़े, कार्यपालन यंत्री, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी की खण्ड सिंगरौली को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया तथा लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड सागर, जबलपुर, उमरिया, दतिया, सतना, विदिशा, गुना, अलीराजपुर, रतलाम, दमोह एवं मंदसौर के कार्यपालन यंत्रियों को कारण बताओ सूचना जारी किये गये है। प्रमुख सचिव श्री नरहरि द्वारा निर्देशित किया गया कि सभी मैदानी अधिकारी जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में पूर्ण करायें तथा ग्रीष्म ॠतु में ग्रामीण क्षेत्रों की पेयजल व्यवस्था सुचारू रूप से संचालित करायें। उन्होंने कहा कि जिन अधिकारियों द्वारा जल जीवन मिशन सहित अन्य विभागीय कार्यों में कोताही बरती जायेगी उनके विरूद्ध कठोर अनुशानात्मक कार्यवाही की जायेगी। प्रमुख सचिव श्री नरहरि ने कहा कि जिन कर्मचारियों द्वारा मिशन तथा विभागीय कार्यों से संबंधित जानकारियाँ अथवा पेयजल से संबंधित समस्याओं से वरिष्ठ अधिकारियों को समय पर अवगत नहीं कराया जा रहा है अथवा कार्य में रूचि नहीं ली जा रही है अथवा जानबूझकर कार्य को लंबित रखा जा रहा है, ऐसे कर्मचारियों को चिन्हित कर उनके विरूद्ध अनुशानात्मक कार्यवाही के प्रस्ताव तत्काल प्रेषित करने के भी निर्देश दिये गये। प्रमुख सचिव श्री नरहरि ने निर्देश दिये कि जल जीवन मिशन के कार्य मिशन मोड पर समय सीमा में पूर्ण कराए जाएं और ग्रीष्म ॠतु में हैण्डपंप संधारण का कार्य सुचारू रूप से संचालित होना चाहिये क्योंकि सभी जिलों को हैण्डपंप संधारण के लिये आवश्यक सामग्री पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध करा दी गई है।

# उप मुख्यमंत्री ने ई-एचआरएमएस मॉड्यूल की समीक्षा की



**भोपाल।** उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में मानव संसाधन प्रबंधन प्रणाली मॉड्यूल (ई-एचआरएमएस) की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मॉड्यूल मध्यप्रदेश सरकार की स्थानांतरण नीति के सिद्धांतों एवं प्राथमिकताओं के अनुरूप हो। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्थानांतरण नीति का पूर्णतः पालन सुनिश्चित करते हुए प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और निष्पक्ष बनाया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि मॉड्यूल में सभी आवश्यक मापदंडों का समावेश इस तरह से किया जाए कि किसी भी कर्मचारी को अनावश्यक कठिनाई का सामना न करना पड़े। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के निर्देशानुसार प्रदेश में कर्मचारियों के स्थानांतरण पर लागू प्रतिबंध अगले कुछ दिनों में हटाया जाने वाला है।

संपादकीय

# पहलगाम में आतंकी हमला

जम्मू-कश्मीर अब ज्यादातर बदलाव के लिए ही जाना जा रहा है, जहां चुनाव के बाद उमर अब्दुल्ला की सरकार बनी है, जहां पर्यटन फल-फूल रहा है और जल्दी ही वंदे भारत ट्रेन चलाये जाने की तैयारी है, वहां आतंकवादी हमला होना बेहद चौंकाने वाला है. पहलगाम में आतंकवादियों ने जिस तरह नाम पूछकर पर्यटकों को निशाना बनाया, वह तो और भी गंभीर है। इससे पहले भी धार्मिक पहचान के आधार पर कश्मीरी पंडितों को इस केंद्र शासित प्रदेश से बाहर किया गया था। ऐसे में, आतंकियों की यह रणनीति केंद्र सरकार के लिए चुनौती भरी है। आतंकियों ने न सिर्फ कश्मीर के बहुचर्चित पर्यटन स्थल पहलगाम को हमले के लिए चुना, बल्कि सैलानियों का सीजन शुरू होने के साथ ही पर्यटकों पर हमला बोला। इस हमले की एक मंशा आगामी जुलाई से होने वाली अमरनाथ यात्रा के प्रति तीर्थयात्रियों को डराने की भी हो सकती है। नरेंद्र मोदी सरकार ने पाकिस्तान के साथ संवाद बंद कर और जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाकर पहले से ही आतंकवाद के खिलाफ सख्ती का परिचय दिया था।

पहलगाम हमले के बाद प्रधानमंत्री ने सऊदी अरब से लौटते ही हवाई अड्डे पर विदेश मंत्री, राष्टीय सुरक्षा सलाहकार तथा दूसरे वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। गृह मंत्री अमित शाह ने श्रीनगर में पीड़ित परिवारों से बातचीत की है, सुरक्षा एजेंसियों ने हमले में शामिल तीन आतंकियों के स्केच जारी किये हैं, जबकि एनआइए की टीम स्थानीय पुलिस की मदद करने के लिए पहलगाम पहुंच चुकी ह। प्रधानमंत्री ने जिस तरह यह कहा है कि पहलगाम हमले को अंजाम देने वाले बच नहीं पायेंगे, उससे साफ है कि आतंकियों और उनके प्रायोजकों को इसका अंजाम भुगतना होगा। इस हमले से जम्मू-कश्मीर के पर्यटन उद्योग के लिए भी मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं, क्योंकि हमले के बाद से डरे-सहमे पर्यटक स्वाभाविक ही अपनी यात्रा रद्द करवा रहे हैं, जबकि इस साल के शुरुआती तीन महीनों में यहां रिकॉर्ड संख्या में पर्यटक आये थे। ऐसे में, सरकार को स्थानीय पर्यटन उद्योग के साथ खड़े होने की भी जरूरत है, क्योंकि जम्मू-कश्मीर की अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा पर्यटन पर निर्भर है। दशकों की बदहाली के बाद जम्मू-कश्मीर पर्यटन उद्योग के बल पर ही खड़ा हुआ है। ऐसे में, यह आतंकी हमला सिर्फ बाहरी पर्यटकों पर नहीं, बल्कि कश्मीर की नयी पहचान और उसकी अर्थव्यवस्था पर भी है। इसे बचाना है, तो यहां के लोगों को भी मजबूती से खड़ा होना होगा।

**अब जीवन की अंतिम सांस तक सिर्फ़ खोए गए परिवार जन उनकी यादों में ही रहेंगे, उनके अंतिम शब्द उनके कानों में गुंजायमान रहेंगे । अब बाक़ी का अंधकारमय जीवन कैसे कटेगा कोई नहीं जानता । इस दुख को महसूस करने के लिए मानवीय संवेदनाओं से भरे हृदयों को सिर्फ़ इतना ही सोचना है की यदि यह हमारे परिवार के होते तो हमारे घर में कैसा कोहराम हो रहा होता । कानपुर के एक परिवार की बच्ची जो अपने पति के साथ पहलगाम गयी हुई थी उसके सामने ही उसके पति के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई । उसकी तो शादी अभी दो महीने पहले फ़रवरी में ही हुई थी । उसने जब इन हृदयविहीन आतंकियों से कहा की मुझे भी मार दो तो उन्होंने कहा नहीं तुम जाकर मोदी को यह बताओ । लड़की और लड़के के परिवार का क्या हाल हो रहा होगा , समझ से परे है। ऐसी ही व्यथा कथा बाकी मृतकों के परिवारों की भी है ।**

# काश्मीर में एक बार फिर आतंक का कायर घिनौना चेहरा

राकेश शर्मा

दिल और दिमाग बार बार सिहर उठ रहा है यह सोचकर भी की जिन 27 सैलानियों की पहलगाम में पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवादियों ने निर्मम हत्या कर दी उनके घर वालों ने कितना हंसी खुशी विदा किया होगा की काश्मीर की वादियों में सैर सपाटा कर उनके घर वाले , रिश्तेदार खुशगवार यादगारें लेकर वापस आकर उनसे साझा करेंगे लेकिन अब इस दुर्दम्य घटना के बाद उनके शवों का रोते बिलखते सगे संबंधी इंतज़ार कर रहे हैं । अब जीवन की अंतिम सांस तक सिर्फ़ खोए गए परिवार जन उनकी यादों में ही रहेंगे, उनके अंतिम शब्द उनके कानों में गुंजायमान रहेंगे । अब बाक़ी का अंधकारमय जीवन कैसे कटेगा कोई नहीं जानता । इस दुख को महसूस करने के लिए मानवीय संवेदनाओं से भरे हृदयों को सिर्फ़ इतना ही सोचना है की यदि यह हमारे परिवार के होते तो हमारे घर में कैसा कोहराम हो रहा होता । कानपुर के एक परिवार की बच्ची जो अपने पति के साथ पहलगाम गयी हुई थी उसके सामने ही उसके पति के सिर में गोली मारकर हत्या कर दी गई । उसकी तो शादी अभी दो महीने पहले फ़रवरी में ही हुई थी । उसने जब इन हृदयविहीन आतंकियों से कहा की मुझे भी मार दो तो उन्होंने कहा नहीं तुम जाकर मोदी को यह बताओ । लड़की और लड़के के परिवार का क्या हाल हो रहा होगा , समझ से परे है। ऐसी ही व्यथा कथा बाकी मृतकों के परिवारों की भी है ।

इस घटना ने 1990 के दशक की कश्मीर की आतंकी घटनाओं और कश्मीरी पंडितों के कश्मीर से निष्कासन की याद ताजा कर दी है जब हिंदुओं को चुन चुन कर मारा जाता था, उन्हें कश्मीर छोड़ने को कहा जाता था, हिंदू महिलाओं के साथ बलात्कार किया जाता था, हिंदुओं के घर , दुकान जलाए जाते थे, भारत विरोधी और पाकिस्तान जिंदाबाद के नारे लगते थे , सेना पर पत्थरबाजी होती थी । पहलगाम की घटना भी कुछ कुछ उसी की पुनरावृत्ति दिख रही है क्यूंकि कल की घटना में भी धर्म , नाम पूछकर, कपड़े उतरवाकर लिंग देखकर मारा गया, और भी पक्का करने को की कहीं यह मुस्लिम तो नहीं है कलमा पढ़ने को भी कहा गया।

लग रहा है की भारत में हिंदू होना ही अपराध है । जहाँ देखो वहाँ हिंदुओं पर अत्याचार , उनकी हत्या की जा रही है, चाहें पहलगाम हो , मुर्शिदाबाद हो या 24 परगना ।



मोदी जी तो सऊदी अरब की सरकारी यात्रा बीच में ही छोड़कर आ गए लेकिन निर्दोष और निरीह सैलानी जिनकी निर्मम हत्या की गई वह अब कभी नहीं आयेंगे ।

अब इस घटना का जितना मर्ज़ी पोस्टमार्टम कर लो जाने वाले कभी नहीं आयेंगे, किसी का बेटा, किसी का पति, किसी का पिता असमय ही गोलोक पहुँच दिए गए। कोई घर का अकेला चिराग था, कोई अकेला कमाने वाला रहा होगा, कितनी विधवा हो गईं, कितनों की गोद सुनी हो गई , कितने पिता के प्यार से वंचित हो गए।

आज आतंकवाद से दुनिया दहली हुई है , सभी देश किसी ना किसी रूप से इस बीमारी से ग्रसित हैं और विभिन्न मंचों पर आतंकवाद को समाप्त करने का संकल्प भी लेते है लेकिन यह ऐसी नागफनी है जो बार बार उग आती है । पूरा विश्व जब तक आतंक का बीजनाश करने का संकल्प नहीं लेता तब तक पाकिस्तान जैसे देश आतंकवाद जैसे जहरीले सर्प को दूध पिलाते रहेंगे ।

आतंकवादियों के मंसूबे जब तक समाप्त नहीं होते वह नए नए रूपों में अवतरित होता ही रहता है। कश्मीर को ही लें मोदी सरकार ने कश्मीर में 30 साल के आतंकवाद को धारा 370 हटाने के बाद काफ़ी हद तक सीमित कर दिया था , कश्मीर में स्थिति सामान्य दिखने लगी थी, अभी पिछली कश्मीर यात्रा में अमित शाह ने कहा था कि अब कश्मीर में आतंकवाद इतिहास हो गया है ।

शायद यह बात इन पाकिस्तानी आतंकवादियों को रास नहीं आयी और उन्होंने अपने आकाओं को खुश करने के लिए पहलगाम की घटना को अंजाम दे दिया ।

इस आतंकवादी घटना के पीछे और भी कई कारण दिखाई पड़ते हैं जैसे कश्मीर में तेज़ी से बढ़ती सैलानियों की संख्या जिससे वहाँ के नवयुवकों को रोजगार मिल रहा था । ज्ञातव्य हो कि 2018 में कश्मीर में सैलानियों की संख्या आठ लाख थी जो 2019 में धारा 370 हटने के बाद 2024 में बड़कर 34 लाख हो गई ( लगभग 350 प्रतिशत की वृद्धि) जो इस साल और अधिक होने की उम्मीद थी । आतंकियों का दुख था कि होटल, टैक्सी, रेस्टोरेंट, दुकानदारों की इससे आमदनी बढ़ेगी और स्थानीय लोग आतंक का विरोध करेंगे। अमेरिकी उपराष्ट्रपति वैन्स की यात्रा से भी इसे जोड़ा जा रहा है, मोदी की सऊदी यात्रा से भी आतंकवादी दुखी थे, और अंत में इनका उद्देश्य भारत को असहज करने का है ।

इस हमले को इजरायल में हुए हमास द्वारा 2023 के कायराना हमले के लेंस से भी देखा जा रहा है । वहाँ भी एक मनोरंजन कार्यक्रम का आनंद लेते 217 निर्दोषों को हमास के आतंकवादियों ने भून दिया था । लेकिन इजरायल एक छोटा सा दृढ़ संकल्पित राष्ट है । उन्होंने पिछले डेढ़ साल में हमास की कमर ही तोड़ दी है, घुटनों पर ला दिया है और गाजा पट्टी को ही श्मशान बना दिया । उन्होंने अपने आत्म सम्मान के सामने किसी की भी परवाह ना करते हुए अपने लक्ष्य को पूरा किया है ।

समय तो पहले ही पाकिस्तान और आतंकवादियों के ख़िलाफ़ इज़रायल जैसा एक्शन करने का था लेकिन अब तो पानी सर से पार हो गया है ।

मोदी सरकार से प्रार्थना है कि जब पूरा विश्व इस घटना की निंदा कर रहा है तब नपा तुला जवाब देने की बजाय और सिर्फ बात करने की बजाय पाकिस्तान अनुमोदित/प्रायोजित आतंकवाद और जेहाद को जड़ से समाप्त करें इसके लिए चाहे पाकिस्तान से युद्ध ही क्यों ना करना पड़े। लातों के भूत बातों से नहीं मानेंगे ।

त्वरित टिप्पणी - सांध्यप्रकाश

जी. के. छिब्बर

# मर्ज जब नासूर बन जाए तो ऑपरेशन ही इलाज

## पहलगांव आतंकी हमला पर अब गम्भीर कदम उठाने होंगे

अत्याधिक आत्मविश्वास और शान्ति के वातावरण लाभ उठाते हुवे आतंकवादियों ने जो पहलगांव में पर्यटकों की धर्म पूछकर जो विभत्स हत्याकांड किया है उसमें सुरक्षा चूक हुई है इसमें कोई दो राय नहीं है केंद्र और राज्य सरकार का यह मान लेना की आतंकी पर्यटकों और नागरिकों को वर्षो से टारगेट नही बना रहेहै गंभीर चूक है जबकि पाकिस्तान के सेना प्रमुख कुछ ही दिन पूर्व भारत के खिलाफ जहरीला भाषण दे चुके थे वही अमेरिका के उप राष्टपति भारत के दौरे पर थे और वक्फ संशोधन कानून का विरोध चल रहा हो सुरक्षा एजेंसियों को सतर्कता बरतनी चाहिए पहलगांव जैसे पर्यटन स्थल पर सुरक्षा ना होना चिंता और जांच का विषय ही कहा जा सकता है ।

यह भी दुखद है की पहलगांव आतंकी घटना पर भी राजनीति शुरू हो गई है राबर्ट वाड्रा के ब्यान शर्मनाक है और कांग्रेस भी असमंजस की स्तिथि में है कश्मीर में आतंकवाद 1971 में पाकिस्तान के विभाजन और बंगलादेश के निर्माण के बाद बड़ा और बड़ता ही चला गया तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने 1971 के युद्ध में पाकिस्तान को पराजित कर बंगलादेश का निर्माण कर साहसिक कार्य किया था परन्तु इससे भारत को क्या हासिल हुवा विजय जमीन वापस कर दी 93 हजार पाकिस्तानी युद्धबंधी छोड़ दिए शिमला समझौता कर हमारे देश की सैनिकों के बलिदान को भी दाव पर लगा दिया आज वही बंगला देश भारत को आंख दिखा रहा है आज हम कह सकते है की शिमला समझौता दूरदर्शिता का प्रमाण नहीं था। 1971 के बाद ही कश्मीर में आतंकवाद बड़ा और तत्कालीन सरकार अलगाववादियो के नेताओं की सरंक्षण देती रही उन्हे सुविधाएं देती रही जो राजनैतिक भूल थी 2019 के बाद कश्मीर घाटी सामान्य हो गई थी दहशत समाप्त हो गई पर्यटन में तीव्र वृद्धि हुई जो देश विरोधी ताकतों को नागवार गुजरी उधर पाकिस्तान बलूचिस्तान के आंदोलन से परेशान और स्वयं आर्थिक संकट में है बांग्लादेश के विभाजन से उन्हे कश्मीर की अस्थिरता का एजेंडा बना रखा था इसलिए कश्मीर के विकास शांति और समृद्धि पाकिस्तान की खटक रही थी जिसका परिणाम पहलगांव की आतंकी घटना है जो सतर्कता की कमी का ही परिणाम है। केंद्र सरकार ने कुछ कठोर कदम उठाए है दूतावास बंद करने सिंधु जल संधि रोकने अटारी वाघा सीमा बंद करने जैसे कदम उठाए है लेकिन आतंक के रोग का इलाज अब दवाएं नही ऑपरेशन है जो स्थाई समाधान है आशा की जानी चाहिए मोदी सरकार कोई कड़ा कदम उठाएगी।

# पहलगाम का आतंक

एन के त्रिपाठी

पृथ्वी के स्वर्ग कश्मीर की सुन्दर घाटी में पहलगाम के निकट 28 निरीह पर्यटकों की आतंकवादियों द्वारा की गई नृशंस हत्या से पूरा देश दहल उठा है। आक्रोश और दुख का अतिरेक और बाढ़ आ गई है। जम्मू कश्मीर में एक हिंसक दौर में छ्रक्कन के स्पेशल छत्र रहने के कारण मैं इस हत्याकांड के पूर्व षड्यंत्र तथा घटना की स्पष्ट कल्पना कर सकता हूँ। परंतु यह समय इस अमानवीय और असहनीय घटना के लिए किसी पर दोषारोपण करने का नहीं है। यह समय स्पष्ट सोच और समुचित धैर्य का है।

निसंदेह इस कांड के तार पाकिस्तान से जुड़े हैं।बहुत संभावना है कि इसकी योजना किसी आतंकवादी सरगना के स्थान पर पाकिस्तान के कट्टरवादी आर्मी चीफ़ जनरल असीम मुनीर द्वारा स्वयं बनायी गई थी। इस हत्याकांड की योजना की झलक उनके एक सप्ताह पूर्व दिए गए इस्लामिक कट्टरवादी भाषण में दिखाई देती है। उनकी योजना का समय और कार्यान्वयन बहुत सटीक और प्रभावकारी रहा है। पूर्व के कुछ उदाहरणों की तरह इस बार भी अमेरिका के शक्तिशाली उपराष्टपति जेडी वेंस भारत की भूमि पर थे। मोदी इस्लाम के सर्वाधिक प्रमुख देश सऊदी अरब की यात्रा पर थे। घटना का संकेत उस देश के लिए भी है। जनरल मुनीर निश्चित रूप से अपनी महान सफलता पर मुस्कुरा रहे होंगे।

कश्मीर घाटी में पहली बार किसी आतंकवादी घटना के विरोध में पूरा कश्मीर बंद रखा गया है। विगत चार-पाँच वर्षों से पूरी घाटी में अभूतपूर्व शांति का वातावरण निर्मित हो गया है और शेष भारत से बड़ी संख्या पर्यटक घाटी में आ रहे हैं। कश्मीरियों ने जहाँ इसका आर्थिक लाभ उठाया है वहीं दशकों की हिंसा के बाद उन्होंने शान्ति का रसास्वादन भी किया है। निश्चित रूप से इस घटना से उन्हें वास्तविक वेदना हुई है।

आतंकवादियों ने भारतीयों को धार्मिक विभाजन पर बांटने का प्रयास किया है। यह जानते हुए भी कि सभी पर्यटक हिन्दू है, फिर भी वे बार बार जानबूझ कर सभी से उनका धर्म पूछ रहे थे। मोदी तक सूचना पहुँचाने की बात कहकर भारत सरकार को भी उत्तेजित करने का प्रयास कर रहे थे। यह सब पूर्व नियोजित था। आवश्यकता इस बात की है कि हम अपना विवेक न खो कर आतंकवादियों और उनके सूत्रधारों की चाल में न आ जाएँ। सरकार और देश दोनों को अपने सुरक्षा बलों पर पूरी आस्था रखनी चाहिए तथा इस घटना से विचलित नहीं होना चाहिए। भारत एक धर्म निरपेक्ष आधुनिक समाज की ओर बढ़ रहा है। हमें सांप्रदायिक सौहार्द बनाए रखना है। हमारे बीच में ऐसे तत्व हैं जो इस घटना का ग़लत उपयोग करने का प्रयास कर सकते हैं।



सरकार और सुरक्षा बलों को नये उत्साह के साथ देश की सुरक्षा और शांति बनाए रखने के लिए पूरे प्रयास करने होंगे, जिससे इस प्रकार की घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो सके।

# पहलगाम : सुनियोजित सा था सबकुछ

राकेश दुबे

अब कोई शक नहीं है, कश्मीर में हुआ ताज़ा नरसंहार सुनियोजित था। भारत इसका अन्दाज़ नहीं कर सका ।मंगलवार को जब सेना और पुलिस की वर्दी में आए चार या पांच दहशतगर्दों ने पहलगाम %जो मिनी स्विट्जरलैंड% के नाम सेजाना जाता है के फेमस टूरिस्ट डेस्टिनेशन में धर्म पूछकर और पुरुषों के पैंट उतरवाकर चुन-चुनकर गोलियां मारीं, तब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सऊदी अरब के आधिकारिक दौरे पर थे। हाल के वर्षों में सऊदी अरब भारत का अनन्य मित्र बनकर उभरा है और कहा जाता है कि आज की तारीख में इस्लामी दुनिया का यह सबसे बड़ा प्रभावशाली मुल्क है। मतलब, पाकिस्तान ने कश्मीर में खून बहाकर एकसाथ सऊदी अरब से लेकर अन्य मुस्लिम देशों को फिर से यह संदेश देने की कोशिश की है कि कश्मीर के मुसलमानों पर भारत जुल्म ढा रहा है।

पहलगाम हमले के लिए ऐसी टाइमिंग चुनी गई है, जब अमेरिकी उपराष्टपति जेडी वेंस भारत यात्रा पर हैं। अमेरिकी राष्टपति डोनाल्ड ट्रंप की नीतियां अक्सर पाकिस्तान को परेशान करती रही हैं। उनके कार्यकाल में भारत-अमेरिकी दोस्ती में नई मजबूती देखने को मिली है। आतंकवाद को लेकर अमेरिका की मौजूदा सरकार का रुख हमेशा से सख्त रहा है। ऐसे में इस हमले से कहीं न कहीं अमेरिका को भी संदेश देने की कोशिश की गई है कि कश्मीर अभी भी शांत नहीं हुआ है। करीब 25 साल पहले 21 मार्च,2000 को भी पाकिस्तानी आतंकियों ने छत्तीससिंहपुरा में इसी तरह से 36 सिखों का नरसंहार कर दिया था। यह हमला तत्कालीन अमेरिकी राष्टपति बिल क्लिंटन के भारत दौरे से ठीक पहले किया गया था। उनकी तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के साथ बातचीत होने वाली थी। तब भी जांच कर्ताओं ने उस वारदात के लिए भी लश्कर-ए-तैयबा को ही जिम्मेदार माना था।

पिछले हफ्ते ही पाकिस्तान के सेना प्रमुख असीम मुनीर ने कश्मीर को लेकर बहुत ही भड़काऊ टिप्पणियां की हैं। उनके बयान कहीं न कहीं आतंकवादियों के लिए एक संदेश का काम किया है कि जम्मू-कश्मीर को रक्तरंजित करने के लिए यही माकूल वक्त है। आम नागरिकों को निशाना बनाना इन आतंकियों के लिए बेहद आसान रहता है, क्योंकि साधारण से हथियारों का इस्तेमाल करके ये बड़े नरसंहारों को अंजाम दे देते हैं, जिसकी जांच भी आसान नहीं होती। इसके ठीक उलट ऐसी घटनाओं की दहशत बहुत ज्यादा होती है और पूरी दुनिया तक संदेश पहुंचाया जा सकता है कि कश्मीर में अब भी कुछ नहीं बदला है।

जम्मू और कश्मीर में देशी-विदेशी सैलानियों की तादाद पिछले वर्षों में लगातार बढ़ रही है। सड़क, रेल और हवाई यातायात के माध्यमों ये यह केंद्र शासित प्रदेश पूरे देश से जुड़ चुका है और लगातार जुड़ता जा रहा है। जिस कश्मीर को आर्टिकल 370 खत्म होने से पहले डर की भावना से देखा जाता था, वह अब पर्यटकों के आकर्षण का केंद्र बन चुका है। श्रीनगर का लाल चौक जहां कभी अलगाववादी देश विरोधी रैलियां निकालते थे, वहां अब रामनवमी की यात्राएं निकलती हैं। ऐसे में कथित रूप से पाकिस्तान समर्थित आतंकियों ने टूरिस्टों पर निशाना बनाकर उनके मन में फिर से खौफ पैदा करने की कोशिश की है और वह भी ठीक सालाना सीजन की शुरुआत में। यही नहीं, आने वाले महीनों में पवित्र अमरनाथ यात्रा भी शुरू होनी है और उससे पहले माहौल बिगाड़ने से बेहतर समय देश के दुश्मनों के लिए क्या हो सकता है।

एक और अहम बात है। देश के कई हिस्सों में नए वक्फ कानून के खिलाफ एक माहौल बनाया गया है। खासकर बंगाल में तो इसकी आड़ में जबरदस्त हिंसा को भी अंजाम दिया जा रहा है। देश के कई और हिस्सों में इस कानून के नाम पर माहौल खराब करने की कोशिश की गई है। ऐसे में देश के दुश्मनों को शायद पहलगाम अटैक के लिए यह सबसे सुविधाजनक वक्त दिखा। क्योंकि, बेगुनाहों की मौतों के खिलाफ देश में जो माहौल तैयार हो रहा है, उसमें भारत-विरोधियों को अपना काम बनने की उम्मीद दिख रही है।

**दक्षिण में, विशेष कर तमिलनाडु में, यह भावना उठने लगी कि हिंदी के माध्यम से उत्तर भारत दक्षिण भारत पर अपना वर्चस्व स्थापित कर लेगा। बात भले ही सांस्कृतिक आधिपत्य के रूप में की जा रही थी, पर यह भी सत्य है कि कथित 'हिंदी साम्राज्यवाद' की आशंका के पीछे कहीं न कहीं राजनीतिक वर्चस्व की आशंका भी थी। हालांकि ऐसा कुछ था नहीं। हिंदी की स्वीकार्यता की बात का आधार यही तथ्य था कि देश में हिंदी बोलने-समझने वालों की संख्या सर्वाधिक थी। हिंदी को राजभाषा बनाने का कदापि यह अर्थ नहीं था कि हिंदी देश की अन्य भाषाओं से कहीं बेहतर या ऊंची भाषा है।**

# त्रिभाषा फार्मूला विरोध की संकीर्ण राजनीति

विश्वनाथ सचदेव

हिंदी हमारे देश की राजभाषा का नाम है, पर इसे एक और अर्थ में भी समझा जा सकता है- वह अर्थ है हिंदी यानी हिंदोस्तां का। अल्लामा इकबाल ने लगभग सवा सौ साल पहले लिखा था, 'हिंदी हैं हम, वतन है हिंदोस्तां हमारा' आज़ादी की लड़ाई के दौरान ही हमारे स्वतंत्रता-सेनानियों ने हिंदी को पूरे देश की भाषा के रूप में मान्यता दे दी थी। फिर, जब संविधान के निर्माण का कार्य चल रहा था तो इस आधार पर हिंदी को राष्ट्रभाषा के रूप में स्वीकारे जाने की बात कही गई थी कि देश में हिंदी को समझने वालों की संख्या अन्य सभी भारतीय भाषाओं से अधिक है। यहां यह जानना महत्वपूर्ण होगा कि हमारे संविधान निर्माताओं में हिंदी की वकालत करने वाले मुख्यतः अहिंदी भाषी नेता ही थे। हिंदी को राजभाषा घोषित किये जाने की मांग करने वालों में सबसे पहला नाम दक्षिण भारतीय विद्वान गोपालस्वामी अय्यंगर का है। उन्होंने ही गुजराती भाषी के.एम. मुंशी के साथ मिलकर इस आशय का प्रस्ताव संविधान सभा में रखा था, जिसे भरपूर समर्थन मिला।

जब हम आज़ाद हो गये तो यह बात एक स्वीकृत सत्य की तरह मान ली गयी थी कि अब देश का काम देश की भाषाङ्कहिंदी में होगा। पर इसी बीच दक्षिण और उत्तर के नाम पर हिंदी को लेकर विवादास्पद बातें भी होने लगीं। दक्षिण में, विशेष कर तमिलनाडु में, यह भावना उठने लगी कि हिंदी के माध्यम से उत्तर भारत दक्षिण भारत पर अपना वर्चस्व स्थापित कर लेगा। बात भले ही सांस्कृतिक आधिपत्य के रूप में की जा रही थी, पर यह भी सत्य है कि कथित 'हिंदी साम्राज्यवाद' की आशंका के पीछे कहीं न कहीं राजनीतिक वर्चस्व की आशंका भी थी। हालांकि ऐसा कुछ था नहीं। हिंदी की स्वीकार्यता की बात का आधार यही तथ्य था कि देश में हिंदी बोलने-समझने वालों की संख्या सर्वाधिक थी। हिंदी को राजभाषा बनाने का कदापि यह अर्थ नहीं था कि हिंदी देश की अन्य भाषाओं से कहीं बेहतर या ऊंची भाषा है। आज भी यदि ऐसी कोई भावना किसी में है, तो वह ग़लत है। हिंदी देश की, विशेष कर दक्षिण भारत की, भाषाओं से तुलना में कहीं कम समृद्ध है। हिंदी को तो मुख्यत- इसलिए स्वीकारा गया कि इससे देश भर में संवाद कुछ आसान हो जायेगा। हिंदी वालों को, और गैर-हिंदी भाषियों को यह बात समझनी ही होगी कि हिंदी देश की बाकी भाषाओं की बड़ी बहन नहीं, एक सखी है। दोस्ती में कोई छोटा या बड़ा नहीं होता। सब बराबर होते हैं।



इसी भावना के साथ यह माना गया कि देश के लोगों को तीन भाषा तो सीखनी ही चाहिए- एक अपनी मातृभाषा, दूसरी अंग्रेजी, और तीसरी देश की कोई अन्य भाषा। हमारी नयी शिक्षा-नीति में भी यही सोचकर तीन भाषाओं की बात कही गयी। आशा और अपेक्षा यह थी कि दक्षिण वाले हिंदी सीख लेंगे, और उत्तर वाले कोई भारतीय भाषा। पर हिंदी वालों से यहां जानबूझकर या अनायास ही एक चूक हो गयी-उन्होंने तमिल या मलयालम या बांग्ला या कन्नड़ आदि भारतीय भाषाओं में से किसी एक को सीखने के बजाय संस्कृत को सीखना ज़्यादा पसंद कर लिया। संस्कृत पढ़ने में कुछ ग़लत नहीं है, पर यह उस अपेक्षा के अनुरूप नहीं था जिसे आधार बनाकर त्रिभाषा फार्मूला लागू किया गया था। इसी अपेक्षा की पूर्ति के लिए नयी शिक्षाङ्कनीति में त्रिभाषा फार्मूला स्वीकारा गया। पर, दुर्भाग्य से अब भी दक्षिण, पूर्व या पश्चिम भारत वालों में से कुछ लोगों को इसमें 'हिंदी साम्राज्यवाद' की गंध आ रही है। इस सोच का नवीनतम उदाहरण महाराष्ट्र में दिख रहा है। महाराष्ट्र सरकार ने नयी शिक्षा- नीति में किये गये प्रावधान को स्वीकारते हुए स्कूली स्तर पर मातृभाषा, अंग्रेजी और हिंदी को अनिवार्य बनाया है। यह अनिवार्यता कुछ तत्वों को खल रही थी। यह तत्व अब भी इस गलतफ़हमी के शिकार हैं कि इस शिक्षा-नीति से उनकी मातृभाषा को नुकसान पहुंचाने का कोई षड्यंत्र रचा जा रहा है ! हैरानी की बात तो यह है कि हिंदी सीखने-सिखाने का विरोध करने वाले यह तत्व अंग्रेजी को त्रिभाषा फार्मूले का हिस्सा बनने पर चुप हैं। बिना किसी ठोस आधार के उन्होंने एक विदेशी भाषा, अंग्रेजी, को तो सहज स्वीकार लिया है, पर अपने ही देश की एक भाषा, हिंदी, को स्वीकारने को वे 'थोपा जाना' मान रहे हैं। हकीकत यह है कि कल भी हिंदी का विरोध करने के पीछे राजनीतिक स्वार्थ थे, और आज भी राजनीतिक स्वार्थ ही महाराष्ट्र समेत देश के कुछ हिस्सों में हिंदी का विरोध करवा रहे हैं।

अंग्रेजी विश्व की एक प्रमुख भाषा है, इसमें कोई संदेह नहीं। अंतर्राष्ट्रीय संपर्कों की दृष्टि से सीखना-समझना कहीं ग़लत नहीं है। पर इस बात को नजरअंदाज नहीं किया जा सकता, या नहीं किया जाना चाहिए, कि अंग्रेजी सारी दुनिया की नहीं, दुनिया के कुछ ही देश की भाषा है। जापान, जर्मनी, फ्रांस, चीन, रूस जैसे न जाने कितने ही देश हैं जिन्होंने अंग्रेजी की अनिवार्यता को अनुचित माना है। अपनी भाषा में काम-काज करने की उनकी जिद से उन्हें कहीं कोई नुकसान नहीं पहुंचा। उल्टे उन्होंने इस ज़िद को अपनी अस्मिता के संदर्भ में समझा है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक भरत पटेल द्वारा इंडिपेंडेंट प्रेस 11, प्रेस काम्प्लेक्स, एमपी नगर, जोन-1, भोपाल से मुद्रित तथा 226, एमपी नगर जोन-2, भोपाल से प्रकाशित। संपादक — भरत पटेल, प्रबंध सलाहकार — भारती पटेल, संपादकीय सलाहकार — विष्णु कौशिक, सलाहकार संपादक - स्मिता पटेल, स्थानीय संपादक —हाकम सिंह गुर्जर
प्रकाशन से संबंधित समस्त समाचार चयन के लिए पीआरबी एक्ट के तहत जिम्मेदार। समस्त न्यायिक कार्यवाहियों के लिए क्षेत्राधिकार भोपाल न्यायालय का रहेगा। रजि. नं. भोपाल डिवी. 48 म. प्र. ई-मेल : dspbpl67@gmail.com, वेबसाईट: dainiksandhyaprakash.in

## कारगिल चौक पर मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी



**बैतूल।** जिला कांग्रेस कमेटी बैतूल ने पहलगाम में आतंकी हमले के शिकार हुए लोगों को कारगिल चौक में मोमबत्ती जलाकर श्रद्धांजलि दी एवं दो मिनट का मौन रख कर उनकी आत्मा को शांति प्रदान करने एवं परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने हेतु प्रार्थना की है।

## कलेक्टर ने किया खेत-तालाब जल संग्रहण का अवलोकन



**नरसिंहपुर।** कलेक्टर शीतला पटले व सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार ने करपगांव पहुंचकर कृषक नितिन सोनी द्वारा खेत में बनाये गये खेत- तालाब को देखा। कलेक्टर ने कृषक सोनी से खेत- तालाब की विस्तार से जानकारी ली और खेत- तालाब के कार्य की प्रशंसा की।

## पहलगाम में हुए आतंकी हमले में मरने वालों को दी श्रद्धांजलि

**छतरपुर।** संगम सेवाालय के तत्वावधान में जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों एवं छतरपुर में 8 वर्षीया बालिका की जघन्य हत्या के विरोध में श्रद्धांजलि सभा एवं पुष्पांजलि कार्यक्रम का आयोजन डाकखाना चौराहा पर किया गया। इस कार्यक्रम में



बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकर्ता, बुद्धिजीवी नागरिक, युवा, महिलाएं एवं गणमान्य लोग उपस्थित हुए। सभी ने दो मिनट का मौन रखकर मृत की आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की एवं आतंकी घटनाओं व बाल अपराधों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की माँग की। संगम सेवाालय के सदस्यों ने कहा कि ऐसे कृत्य मानवता को शर्मसार करने वाले हैं और समाज को एकजुट होकर इनके खिलाफ आवाज़ उठानी चाहिए। उन्होंने सरकार से अपराधियों को कड़ी सज़ा देने एवं आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की। कार्यक्रम में बच्चों की सुरक्षा, महिला सशक्तिकरण और सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के लिए भी संकल्प लिया गया। संगम सेवाालय भविष्य में भी ऐसे जनहित कार्यों के लिए संकल्पबद्ध है।इस अवसर पर शहर के गणमान्य लोग समाजसेवी, पेंशनर बच्चे उपस्थित रहे।

## एकलव्य विश्वविद्यालय में नृत्य दिवस पर प्रतियोगिता 29 को

**दमोह।** एकलव्य विश्वविद्यालय में 29 अप्रैल अंतर्राष्ट्रीय नृत्य दिवस के अवसर पर कला एवं प्रदर्शन विभाग द्वारा विभिन्न शैलियों में नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जाना है। यह पत्रकार वार्ता विश्वविद्यालय की कुलाधिपति डॉ. सुधा मलैया, प्रति कुलाधिपति पूजा मलैया, रति मलैया के कुशल नेतृत्व में कुलगुरू प्रोफेसर पवन कुमार जैन एवं कुलसचिव डॉ. प्रफुल्ल शर्मा के निर्देशन में किया गया। पत्रकार वार्ता में विश्वविद्यालय के कुलगुरू प्रो.जैन ने बताया कि एकलव्य विश्वविद्यालय दमोह में अंतर्राष्टीय नृत्य दिवस के अवसर पर बुंदेलखंड ही नहीं अपितु संपूर्ण प्रदेश एवं देश की नृत्य में रुचि रखने वाली सभी प्रतिभाओं को बेहतर मंच प्रदान करना है। इसी उद्देश्य की पूर्ति हेतु इस नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है, इसमें विभिन्न नृत्य शैलियों जैसे ओडिसी, भरतनाट्यम, कथक के अलावा बुंदेलखंड के नृत्य को भी शामिल किया गया है। नृत्य केवल मनोरंजन का साधन न होकर व्यक्ति के शारीरिक और मानसिक तनाव को कम करने में सहायक सिद्ध होती है। इस प्रतियोगिता में ऑनलाइन अथवा ऑफलाइन माध्यम से पंजीयन कराकर प्रतिभाग लिया जा सकता है। इसमें तीन आयु स्तर 7 से 12 वर्ष, 13 से 17 वर्ष एवं 27 से ऊपर आयु के प्रतिभागी पंजीयन करा सकते है। एकल एवं समूह दोनों रूपों में प्रतिभा का प्रदर्शन कर निर्णायक मंडल द्वारा चयनित प्रत्येक वर्ग के विजेताओं को नृत्य सुधाश्री अवॉर्ड, मैडल, प्रमाण पत्र के साथ ही नकद राशि का पुरस्कार प्रदान किया जाएगा।

### जिला पंचायत सदस्य ने प्रभारी मंत्री से की शिकायत

# गेहूं बारसा-नागाढाना सड़क निर्माण में अनिमियतता व भ्रष्टाचार हो रहा

**बैतूल।** प्रभात पट्टन की ग्राम पंचायत गेहूं बारसा से नागाढाना तक बन रही सड़क निर्माण में अनियमितता और भ्रष्टाचार को लेकर जिला पंचायत सदस्य उर्मिला गव्हाडे ने प्रभारी मंत्री नरेंद्र शिवाजी पटेल को ज्ञापन सौंपकर कार्यवाही की मांग की है। उन्होंने बताया कि ग्राम पंचायत गेहूं बारसा में लगभग 52 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण कार्य चल रहा है। लेकिन कार्य पूरी तरह से गुणवत्ताहीन है। बल्कि भृस्टाचार हो रहा है। उर्मिला स्वयं मौके पर पहुंची। और सड़क निर्माण की स्थिति का जायजा लिया। बताया कि आरईएस विभाग अधिकारियों और ठेकेदार की मिली भगत से सड़क निर्माण में भारी अनियमितता हो रही है। सिर्फ कागजों में काम दिखाकर राशि निकाली जा रही है। सड़क की गुणवत्ता बेहद खराब है। और केवल खाना पूर्ति के लिए मुरूम



डाला जा रहा है। बारिश से पहले ही यह सड़क बहने की स्थिति में है। बताया कि पहले भी इस मार्ग में गड़बड़ी की शिकायत कलेक्टर सीईओ बैतूल से की गई थी। लेकिन जांच रिपोर्ट आने पर भी कार्यवाही नहीं की गई। जिला पंचायत की बैठक मे बात रखी। जब स्वतंत्र इंजीनियरिंग टीम से जांच कराने की बात आई तो आनन-फानन में मुरूम डालने का काम शुरू कर दिया गया।सड़क निर्माण में मजदूरों के स्थान पर जेसीबी और लेवलिंग मशीनों का उपयोग किया जा रहा है। इससे नागाढाना के स्थानीय मजदूरों को रोजगार से वंचित होना पड़ रहा है। उन्हें आजीविका के लिए पलायन करने को मजबूर हैं। सड़क पर मुरूम डालकर बिना पानी डाले सूखा बेलन घुमाया जा रहा है। जिससे सड़क की मजबूती और सर्विस पर सवाल उठ रहे हैं। सड़क की ऊंचाई भी निर्धारित एसओआर मानकों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने जिला पंचायत की बैठक में इस विषय को प्रमुखता से उठाया और आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र के इस गांव के लिए सड़क निर्माण को स्वीकृति दिलवाई थी। लेकिन अफसरों और ठेकेदारों की मिलीभगत से सड़क निर्माण में भ्रष्टाचार किया जा रहा है।

## निर्दोष नागरिकों की हत्या एक कायराना कृत्य है, दुश्मनों को मिलेगा मुहतोड़ जबाबः भाजपा

**बैतूल।** भारतीय जनता पार्टी ने पहलगाम में हुए आतंकी हमले की कड़ी निंदा की है। भाजपा जिलाध्यक्ष सुधाकर पवार ने कहा है। कि पहलगाम में देश के निर्दोष नागरिकों की हत्या देश विरोधी ताकतों का कायराना कृत्य है। भारत की सरकार और सेना इसका मुहतोड़ जबाब देगी। उन्होने कहा कि जिन परिवारों ने इस हमले में अपने प्रिय जनों को खोया है,उनके प्रति गहरी संवेदना प्रगट करते हैं। देश के दुश्मनों को बख्शा नही जाएगा। पर्दे के पीछे रहकर जिन्होंने इस घटना को अंजाम दिया है उनको भी अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहना चाहिये। शोक संवेदना व्यक्त करने वालो में केन्द्रीय राज्यमंत्री एवं सांसद दुर्गादास उइके, विधायक हेमंत खंडेलवाल, डा.योगेश पंडाग्रे, चंद्रशेखर देशमुख, महेन्द्रसिंह चौहान ,गंगा उइके, जिला पंचायत अध्यक्ष राजा पंवार, उपाध्यक्ष हंसराज धुर्वे सहित जिले के समस्त पार्टी पदाधिकारी, मंडल अध्यक्षगण, कार्यकर्ता प्रमुख है।



## कलेक्टर विश्वकर्मा की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति, जनजाति कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक सम्पन्न




**औबेदुल्लागंज (संवाददाता)।** कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग की समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में कलेक्टर विश्वकर्मा ने जिले में छात्रावासों और आश्रम का संचालन, विभागीय योजनाओं, शिष्यावृत्ति आहरण की स्थिति, छात्रावासों में सुरक्षा व्यवस्था, पुस्तकालय सहित विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तृत जानकारी लेते हुए दिशा-निर्देश दिए। कलेक्टर विश्वकर्मा ने बैठक में उपस्थित छात्रावासों के अधीक्षक तथा अधीक्षिकाओं से छात्रावासों में उपलब्ध सामग्री, व्यवस्थाएं यथा पेयजल, विद्युत, सुरक्षा इंतजाम, नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, छात्र-छात्राओं की संख्या तथा उनकी उपस्थिति, भोजन बनाने वालों की संख्या, स्वच्छता, कक्षों में पर्याप्त लाईटिंग, भवन में मरम्मत और सामग्री की आवश्यकता आदि के बारे में विस्तार से जानकारी लेते हुए निर्देशित किया कि छात्रावासों में बेहतर शैक्षणिक परिवेश रखें। बच्चों को शिक्षा कार्य में किसी प्रकार की कठिनाई ना हो। कलेक्टर विश्वकर्मा ने कहा कि वह स्वयं छात्रावासों तथा आश्रम का निरीक्षण करेंगे। बच्चों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराएं। पढ़ाई में कौन से छात्र कमजोर हैं इसकी भी जानकारी रखें। साथ ही छात्रावासों में जो भी कमी है या सामग्री नहीं है, उसकी सूची बनाएं। उन्होंने छात्रावासों में तिथिभोज का आयोजन कराने के लिए भी कहा। अनुसूचित जाति/जनजाति कल्याण विभाग के जिला संयोजक सीपी सोनी द्वारा जिले में छात्रावासों की संख्या, विभागीय योजनाओं तथा गतिविधियों की प्रगति आदि के बारे में अवगत कराया गया। बैठक में संबंधित अधिकारी भी उपस्थित रहे।

## सिवनी की अनुप्रिया शालेय राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता के लिए रवाना, मध्यप्रदेश का करेंगी प्रतिनिधित्व

**सिवनी।** द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी सिवनी की होनहार खिलाड़ी अनुप्रिया कौरव, जिन्होंने जबलपुर में आयोजित 68 वीं राज्य स्तरीय शालेय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अपने शानदार प्रदर्शन से बालिका सीनियर अंडर-19 वर्ग में गोल्ड मेडल जीतकर राष्ट्रीय चयन प्राप्त किया था, अब राष्ट्रीय बॉक्सिंग प्रतियोगिता में भाग लेने सिवनी से रवाना हो चुकी हैं। यह प्रतियोगिता 30 अप्रैल से 5 मई तक दिल्ली में आयोजित होगी, जिसमें अनुप्रिया मध्यप्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करेंगी। प्रतियोगिता से पूर्व वह 23 से 27 अप्रैल तक ग्वालियर में आयोजित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में भाग लेंगी। अनुप्रिया को यह सफलता उनके समर्पण, निरंतर अभ्यास और उनके प्रशिक्षकों के मार्गदर्शन से मिली है। उन्होंने कहा, मैं अब अपना लक्ष्य



मध्य प्रदेश के लिए स्वर्ण पदक जीतने का तय कर चुकी हूँ। वह किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग सिवनी में सहायक संचालक पवन कौरव की सुपुत्री हैं। उन्हें मार्शल आर्ट प्रशिक्षक सेंसेई निकेश पद्माकर और उनकी टीम द्वारा प्रशिक्षण प्रदान किया जा रहा है, जिनकी सटीक तकनीक, अनुशासन और खिलाड़ियों के भविष्य निर्माण के प्रति प्रतिबद्धता ने अनेक खिलाड़ियों को राष्ट्रीय स्तर तक पहुँचाया है।

सेंसेई निकेश पद्माकर ने इस अवसर पर कहा, द अल्टीमेट फाइटर्स एकेडमी एक गैर-लाभकारी संगठन है, जो निर्धन बच्चों को निशुल्क प्रशिक्षण देकर समाज के कमजोर वर्गों, विशेषकर बालिकाओं और महिलाओं को आत्मरक्षा के माध्यम से सशक्त करने के मिशन पर कार्यरत है। हमारी संस्था के मार्शल आर्ट प्रशिक्षित खिलाड़ी न केवल राष्ट्रीय और अंतर्राष्टीय स्तर पर, बल्कि स्कूल और विश्वविद्यालय स्तर की विभिन्न प्रतियोगिताओं में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया पर्यावरण व जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश

**नरसिंहपुर।** विश्व पृथ्वी दिवस पर मप्र जनअभियान परिषद नरसिंहपुर के तत्वावधान में जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत सींगरी नदी के बाबा घाट नरसिंहपुर में नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को पर्यावरण व जल संरक्षण व संवर्धन का संदेश दिया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बताया गया कि गिरते भू-जल स्तर, पानी का दुरूपयोग, कचरे को उपयुक्त निष्पादन नहीं करने और पौधरोपण नहीं करने से क्या- क्या नुकसान होते हैं। मानव जीवन के अलावा पशु- पक्षियों व जीव- जंतुओं पर भी गहरा प्रभाव पड़ता है। लोगों को



अधिक से अधिक पौधरोपण करने, जल का सदुपयोग करने, वर्षा जल का संरक्षण करने के लिए नई जल संरचनाओं का निर्माण करने, पुरानी जल संरचनाओं की साफ-सफाई कर जीर्णोद्धार करने, घर से निकलने वाले कचरे को सही तरीके से निष्पादन करने आदि के बारे में विस्तार से बताया। इससे हमारी पृथ्वी हरी- भरी रहेगी और सभी के लिए पर्याप्त पानी उपलब्ध होगा। आने वाली पीढ़ी के लिए हमें आज से ही हम सभी को जल संरक्षण व संवर्धन की दिशा में कार्य करने और अधिक से अधिक पौधरोपण करने के लिए प्रेरित किया। यह नुक्कड़ नाटक परिषद की नवांकुर संस्था यू- साथी समिति नरसिंहपुर, ब्रह्मर्षि वशिष्ट शिक्षण प्रशिक्षण एवं सेवा समिति नरसिंहपुर, वार्ड विकास समिति राजीव वार्ड नरसिंहपुर तथा आनंद विभाग के मास्टर ट्रेनर के साथ श्री गीता निकुंज आध्यात्मिक संस्था के प्रतिनिधियों ने प्रस्तुत किया।

## पहलगाम हमले के विरोध को लेकर पत्रकारों ने बांधी काली पट्टी, पाकिस्तान का नक्शा फूंककर ज्ञापन सौंपा



**रतलाम।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले से रतलाम में भी जबरदस्त आक्रोश है। घटना के विरोध में बुधवार को रतलाम के पत्रकारों ने काली पट्टी बांध कर पाकिस्तान का नक्शा जलाया और मुदार्बाद के नारे लगाए। हाथों में तिरंगा थाम कर कलेक्ट्रेट पहुंचे और प्रधानमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन एसडीएम अनिल भाना को सौंपा। रतलाम प्रेस क्लब के आह्वान पर पत्रकार और अन्य नागरिक दोपहर 12 बजे कोर्ट चौराहे पर एकत्र हुए। यहां से रैली के रूप में सभी कलेक्ट्रेट पहुंचे और जमकर पाकिस्तान के खिलाफ नारे लगाए प्रधानमंत्री के नाम ज्ञापन एसडीएम अनिल भाना को सौंपा। ज्ञापन का वाचन प्रेस क्लब अध्यक्ष मुकेशपुरी गोस्वामी ने किया। इसमें आतंकवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की। ज्ञापन में कहा गया पहलगाम क्षेत्र में हुई हालिया आतंकी घटना, जिसमें 28 निर्दोष नागरिकों की जान गई, पर अमानवीय और बर्बर है, बल्कि यह हमारे देश की आंतरिक सुरक्षा व्यवस्था के लिए एक गंभीर चुनौती भी है। इस प्रकार की घटनाएं देश के एकता और अखंडता पर कुठाराघात है। इस दौरान पाकिस्तान का नक्शा भी जलाया। हमले का शिकार हुए लोगो को मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की। इस दौरान सामाजिक, राजनीतिक संगठन के पदाधिकारी और अभिभाषक मौजूद रहे।

## पहलगाम आतंकी घटना से बाबा साहब के जीवन पर आधारित भाजपा का संगोष्ठी कार्यक्रम स्थगित

**छतरपुर।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में पर्यटकों पर हुए आतंकवादी घटना के चलते आज भारतीय जनता पार्टी द्वारा भारत रत्न डॉक्टर भीमराव अंबेडकर जी के जीवन पर आधारित ऑडिटोरियम में आयोजित ÷संगोष्ठी कार्यक्रम÷ को स्थगित कर दिया गया ! पार्टी नेतृत्व के निर्देशानुसार सभी कार्यक्रमों को रद्द किया गया था इसी कार्यक्रम में छतरपुर में आयोजित संगोष्ठी कार्यक्रम को भी स्थगित किया गया ! छतरपुर के ऑडिटोरियम में इस कार्यक्रम के लिए एकत्र हुए पार्टी के वरिष्ठ नेता पदाधिकारी गण जनप्रतिनिधि समाज सेवी एवं पत्रकार साथियों के द्वारा इस आतंकी घटना में मारे गए उन सभी पर्यटकों के लिए 2 मिनट का मौन रखकर उनके प्रति शोक संवेदना प्रकट करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि दी गई ! इस कार्यक्रम में भाजपा के जिला प्रभारी प्रभु दयाल कुशवाहा भाजपा जिला अध्यक्ष चंद्रभान सिंह गौतम महाराजपुर विधायक कामाख्या प्रताप सिंह पूर्व विधायक उमेश शुक्ला पूर्व विधायक रेखा यादव प्रदेश कार्य समिति सदस्य संजय रिछारिया जिला महामंत्री सुरेंद्र चौरसिया कार्यक्रम के प्रभारी वरिष्ठ नेता जय राम चतुर्वेदी मीडिया प्रभारी अरविन्द बुंदेला कार्यालय मंत्री अरविन्द त्रिपाठी अरविन्द रावत सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पीएम जनमन योजना में जिले को पांच मोबाइल मेडिकल यूनिट बैन प्राप्त हुई

### विदिशा जिले के 134 ग्रामों में जनजातीय समूह पीव्हीटीजी बेगा, सहरिया, भारिया परिवारों को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाया जा रहा

**सिरोंज।** विदिशा पीएम जन मन योजना अन्तर्गत जिले के सातों विकासखण्डों के 134 ग्रामों में जनजातीय समूह पीव्हीटीजी बैगा, सहरिया, भारिया परिवारों के विशेष रूप से कमजोर जन जातीय समूह को स्वास्थ्य लाभ पहुंचाने के उद्देश्य से जिले को पांच मोबाईल मेडिकल यूनिट बैन प्राप्त हुई हैं। जिनमें प्रत्येक बैन में स्वास्थ्य जांच, उपचार एवं प्रबंधन हेतु एक एमबीबीएस चिकित्सा अधिकारी, स्टॉफ नर्स, एएनएम, फिजियोथैरेपिस्ट, लैब टेक्नीशियन तथा एक वाहन चालक की पदस्थापना की गई है।

मोबाइल मेडिकल यूनिट के माध्यम से समस्त स्टाफ द्वारा चिन्हित ग्रामों में पहुंचकर निम्नलिखित सेवाएं प्रदान करना है, जिनमें निशुल्क चिकित्सकीय जांच एवं परामर्श, गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व पश्चात देखभाल, हाई रिस्क चिन्हांकन एवं उनका प्रबंधन, कम वजन एवं उच्च जोखिम वाले नवजात शिशुओं की देखभाल हेतु उचित परामर्श एवं स्तनपान को बढ़ावा देना, जन्मजात विकृतियों का चिन्हांकन कर प्रबंध करना, टीकाकरण, दस्त रोग, श्वसन रोग की स्क्रीनिंग एवं प्रबंधन परिवार नियोजन के अस्थाई साधनों की उपलब्धता एवं जागरूकता, सिकल सेल एनीमिया की पहचान रेफरल एवं प्रबंधन, संचारी रोग एवं गैर संचारी रोगों की जांच, उपचार एवं परामर्श, समस्त राष्टीय कार्यक्रमों मलेरिया, क्षय रोग आदि की पहचान कर रोकथाम हेतु जांच, उपचार प्रबंधन एवं जन जागरूकता हेतु प्रचार-प्रसार करना। उक्त मोबाइल मेडिकल यूनिट पूर्व से बने हुए माइक्रो प्लान अनुसार पहुंचकर मरीजों की जांच, उपचार ,दवाइयों की उपलब्धता परामर्श एवं जटिल रोगियों को उच्च स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर करने का कार्य कर रही है। जिला स्तर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी के निर्देशन एवं विकास खंडों में खंड चिकित्सा अधिकारियों द्वारा उपलब्ध कराए गए। माइक्रो प्लान के अनुसार ग्रामों में पहुंचकर सेवाएं प्रदान की जा रही।

## पहलगाम आंतकी हमले में मृतकों को जिला भाजपा कार्यालय में दी गई श्रद्धांजलि

### बाबा साहब डॉ आंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी का कार्यक्रम निरस्त किया

**दमोह।** बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर सम्मान अभियान संगोष्ठी भाजपा कार्यालय दमोह में आयोजित होना थी जिसमें केंद्रीय मंत्री डॉ वीरेंद्र खटीक मुख्य अतिथि (वक्ता) एवं भाजपा जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे की अध्यक्षता में सम्पन्न होना थी, लेकिन पहलगाम जम्मू कश्मीर में आतंकी हमला और दमोह में महादेव घाट बनवार में दुखद घटना हो जाने पर 2 मिनट का मौन धारण कर मृतकों को श्रद्धांजलि दी, एवं सभी कार्यक्रम स्थागित किए गए एवं राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया। केंद्रीय मंत्री वीरेंद्र खटीक ने कहा कि डॉ आंबेडकर के सम्मान में संगोष्ठी का आयोजन था परंतु जम्मू कश्मीर के पहलगाम पर्यटन




स्थल पर आंतकवादियों ने जिस तरह निर्दोष लोगों पर गोलियां चलाई और हत्यायें की है वह अत्यंत निंदनीय कृत्य है। सभी दिव्यंत आत्माओं की शांति हेतु मौन धारण कर श्रद्धांजलि दी। ईश्वर मृतकों के परिवार को इस असीम दुख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। जिलाध्यक्ष श्याम शिवहरे ने कहा कि पहलगाम पर आंतकी हमले में निर्दोषों की मृत्यु अंत्यंत पीड़ा दायक है। भारतीय जनता पार्टी ने सभी कार्यक्रम निरस्त कर मृतकों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है। दमोह के वनवार के समीप महादेव घाट पुल पर भी दुर्घटना में 8 की मृत्यु हुई है। सभी मृतकों के परिजनों के प्रति हमारी शोक संवेदना है।


**कार्यालय नगर परिषद बरगवाँ (अमलाई), जिला- अनूपपुर (म0प्र0)**

क्र./392/25-26 दिनांक 21/04/2025

**निविदा सूचना**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाइन निविदायें आमंत्रित की जाती हैं। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट http://www.gem.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| | GEM/2025/B/6135396 21/04/2025 | Tankar on Agricultural Trailer (Q2) Nagar Parisad Bargawan (Amlai) | 1. कार्य की समयावधि- 180 days 2 कार्यलागत अनुमानित 10.00 lacks | 1. निविदा प्रपत्र का मूल्य Rs.... 2. EMD Rs-10000.00 | 07/05/2025 at 05.00 pm |

नोट- निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन http://www.gem.gov.in की वेबसाईड पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नही किया जावेगा।

मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगरपरिषद् बरगवाँ (अमलाई)
जिला अनूपपुर (म0प्र0)

# लाखों की सागौन पकड़ी, आरोपी कैसे छूटे

## वन अधिकारियों पर उठ रहे सवाल, हर्रई वनपरिक्षेत्र में कट रहे जंगल

**छिंदवाड़ा।** पूर्व वन मंडल के अंतर्गत हर्रई वनपरिक्षेत्र के अंतर्गत सागौन की अवैध कटाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार वनविभाग के अधिकारी पकड़े जाने के बाद कार्रवाई करते हैं लेकिन इसमें लीपापोती कर आरोपियों को बचाया जाता है। बताया जाता है कि कर्मचारियों द्वारा दो दिन उक्त वनपरिक्षेत्र में पहले सागौन से भरे एक वाहन को पकड़ा गया था, जिसमें कुछ आरोपी भी हिरासत में लिए गए थे। आरोपियों के खिलाफ वन अपराध दर्ज होने के बावजूद, वन अधिकारियों द्वारा कथित रूप से 'सेटिंग' कर उन्हें राहत दे दी गई।जंगल और वन्यजीवों की सुरक्षा का दावा करने वाले वन अधिकारियों की कार्यशैली पर तब सवाल उठे जब हर्रई में अपराधियों से सांठगांठ कर उन्हें फायदा पहुंचाया गया। सूत्रों के अनुसार, वन कर्मचारियों ने गश्त के दौरान एक वाहन को रोका, जिसकी तलाशी में लाखों रुपये मूल्य की सागौन की लकड़ियां बरामद हुईं। इसके बाद औपचारिक रूप से वन अपराध दर्ज कर मामला न्यायालय में पेश किया गया।



नियमों के अनुसार, न्यायालय में पेशी के दौरान वन अधिकारियों को आगे की जांच के लिए आरोपियों की रिमांड मांगनी चाहिए थी, लेकिन ऐसा कोई प्रयास नहीं किया गया और न ही आगे कोई पड़ताल की गई। वन अधिकारियों के इस रवैये से कर्मचारियों का मनोबल गिरा है। इस मामले पर रेंजर का कहना है कि अपराधियों को पकड़ा गया और उनके खिलाफ मामला दर्ज किया गया, न्यायालय से उन्हें जमानत मिली है जिसे वे रोक नहीं सकते।

### सबूत मिटाने जंगल में लगवाई आग

वन विभाग के सूत्रों की मानें तो हर्रई वनपरिक्षेत्र में बम्हनी बीट में सागौन के हरे पेड़ों की कटाई हुई थी। इन पेड़ों को एक 407 वाहन से ले ज़ाया जा रहा था, जिसे गश्त कर रहे कर्मचारियों ने पकड़ा। आरोप है कि वन अधिकारियों ने 'सेटिंग' कर कर्मचारियों की कार्रवाई पर पानी फेर दिया, इतना ही नहीं सबूत मिटाने के लिए उस क्षेत्र में आग तक लगवा दी गई, ताकि सारे प्रमाण नष्ट हो जाएं।

### रिमांड नहीं लिया, आरोपियों को दिया जमानत का मौका

वन विभाग के कर्मचारियों द्वारा अपनी जान जोखिम में डालकर सागौन की लकड़ियां पकड़ी जाती हैं, लेकिन आरोप है कि वन अधिकारी आरोपियों से मिलकर पूरे मामले को दबा देते हैं। इस मामले में भी वन अपराध तो दर्ज हुआ, लेकिन आरोपियों को जमानत न मिले, इसके लिए कोई प्रयास नहीं किया गया और न ही उन्हें आगे की पूछताछ के लिए रिमांड पर लेने की कोई पहल हुई। अधिकारियों की यह कथित लापरवाही कई सवाल खड़े करती है।

### इनका कहना है

गश्त के दौरान लकड़ी से भरा वाहन पकड़ा गया है। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया, जहां न्यायालय से उन्हें जमानत मिल गई। कार्यवाही चल रही है।

**सिद्धार्थ दीपांकन, एस डी ओ, अमरवाड़ा**

# जम्मू कश्मीर में हुए हिंदुओं के नरसंहार पर आक्रोश

## हिंदू उत्सव समिति ने राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन दिया



**छिंदवाड़ा।** जम्मू कश्मीर में अमरनाथ यात्रा शुरू होने से पूर्व पहलगाम में हुए हिंदुओं के नरसंहार , जघन्य हत्याकांड पर संपूर्ण देश में आक्रोश है । छिंदवाड़ा में हिंदू उत्सव समिति द्वारा इस जघन्य हत्याकांड की, हिंदुओं के धर्म पूछ पूछ कर उनसे कलमा पढाकर, पर्यटकों से कपड़े उतरवा कर उनका, धर्म पूछते हुए उनके परिवार के सामने गोली मारकर हत्या की गई ,निर्दोष निरपराध हिंदुओं पर हुए हमले की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए भारतीय सीमा से लगे पाकिस्तानी आतंकवादियों के कैंप पर सर्जिकल स्ट्राइक की मांग महामहिम राष्टपति से की है । हिंदू उत्सव समिति ने देश में पाकिस्तान और पाकिस्तान समर्थक आतंकवादियों ने जिस प्रकार से इस जघन्य हत्याकांड को अंजाम दिया है । हिंदू उत्सव समिति के सदस्यों ने महामहिम राष्टपति द्रोपदी मुर्मू जी से जम्मू कश्मीर समेत संपूर्ण देश में जिहादी मानसिकता वाले संगठनों पर पाबंदी लगाकर और उन पर कड़ी कार्रवाई करते हुए जेहादी ताकतों को समूल नष्ट करने की मांग की है । महामहिम राष्टपति को ज्ञापन देते समय हिंदू उत्सव समिति के अध्यक्ष शंटी बेदी, संरक्षक हरिओम सोनी, शिव मालवी, दिवाकर सदारंग, अजय सक्सेना, विजय पांडे , संतोष राय विजय झाझरी , योगी मालवी , संदीप चौहान, लोकेश डहरिया, अरुण शर्मा, धर्मेंद्र मिगलानी, राहुल शर्मा आकाश पटेल, शानू वर्मा, रोशन सिंह शिंगणापुरे, रवि कैथवास, अभिलाष गौहर, दिनशु यादव, गोलू मालवी, राजेंद्र विश्वकर्मा नीरज साहू राहुल गवांडे अरविंद चौरसिया कुणाल जामकर हर्ष सोनी मुकेश मालवी माननी मालवी सक्षम अवस्थी शैलू राजपूत समेत बड़ी संख्या में समिति के सदस्य गण उपस्थित थे ।

## छिंदवाड़ा कन्या शिक्षा परिसर में प्रवेश के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू अंतिम तिथि 28 अप्रैल

**छिन्दवाड़ा।** शासकीय कन्या शिक्षा परिसर, छिंदवाड़ा में कक्षा 6वीं, 9वीं एवं 11वीं के लिए सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रक्रिया शुरू हो गई है। चयनित वर्गों की सीमित सीटों के लिए पात्र छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। प्रवेश के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता एवं आयु सीमा निर्धारित की गई है। कक्षा 6वीं के लिए कुल 3 सीटें आरक्षित हैं, जिनमें से एक अनुसूचित जनजाति (एस.टी.) वर्ग के विद्यार्थियों के लिए है। आयु सीमा 11 से 14 वर्ष के बीच रखी गई है। इसी तरह, कक्षा 8वीं के लिए 2 सीटें दिव्यांग एस.टी. छात्राओं के लिए निर्धारित की गई हैं, जिनके लिए आयु सीमा 12 से 15 वर्ष है। वहीं, कक्षा 9वीं के लिए भी 2 सीटें एस.टी. छात्राओं हेतु आरक्षित हैं, जिनकी उम्र 13 से 16 वर्ष के बीच होनी चाहिए। प्रवेश हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि 28 अप्रैल 2025 तय की गई है। परीक्षा 29 अप्रैल 2025 को सुबह 11 बजे आयोजित की जाएगी। कक्षा 6वीं, 8वीं एवं 9वीं में प्रवेश मेरिट सूची के आधार पर होगा, जबकि कक्षा 11वीं में चयन सीबीएसई/माध्यमिक शिक्षा मंडल (एमपीबीएसई) द्वारा घोषित 10वीं बोर्ड परिणाम की मेरिट पर किया जाएगा।

## वन नेशन वन इलेक्शन पर युवा मोर्चा के नेताओं ने दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाग लिया

**छिंदवाड़ा।** स्टूडेंट फॉर वन नेशन वन इलेक्शन अभियान के तहत डॉ.भीमराव अंबेडकर इंटरनेशनल सेंटर दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में भाजपा ज़िलाअध्यक्ष शेषराव यादव व युवामोर्चा जिला अध्यक्ष योगेंद्र प्रताप राणा के



निर्देशन पर युवामोर्चा के अतुल सराठे व इंद्रजीत पटेल ने उपस्थित होकर छिंदवाड़ा का प्रतिनिधित्व किया। कार्यक्रम में केंद्रीय कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान एवं केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, केंद्रीय मंत्री खेल एवं युवा कल्याण मंत्री मनशुक मंगड़िया व भाजपा राष्ट्रीय महामंत्री सुनील बंसल ने वन नेशन वन इलेक्शन पर उपस्थित सभी युवा नेताओं को मार्गदर्शन दिया साथ ही उनसे उनके जिले के विचारो पर अलग अलग संवाद किया।

## विद्यार्थियों के व्यक्तित्व विकास हेतु तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर

**छिन्दवाड़ा।** युवाओं को सही दिशा प्रदान कर उन्हें समाज और राष्ट्र की प्रगति में सहभागी



बनाने के उद्देश्य से आज 23 अप्रैल को राजमाता सिंधिया शासकीय कन्या महाविद्यालय, छिंदवाड़ा में तीन दिवसीय व्यक्तित्व एवं कौशल विकास प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ हुआ। यह शिविर 25 अप्रैल तक प्रतिदिन प्रात: 10 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित किया जाएगा।

## शहर कांग्रेस ने कैंडल मार्च निकालकर दी श्रद्धांजलि

**छिन्दवाड़ा।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में मंगलवार को हुई आतंकी वारदात में मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति संवेदना व्यक्त करते हुए छिन्दवाड़ा शहर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में कैंडल मार्च निकाला गया। शहीद स्मारक पहुंचकर समस्त कांग्रेसजन ने आतंकवाद कर शिकार हुए लोगों को अपनी विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की ।शहर कांग्रेस ने आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा करते हुए कहा कि हिंसा का यह राक्षसी कृत्य अंतरात्मा को झंकझोर देने वाला है। आतंकवाद क्रूरता व अमानवीयता को जन्म देता है। भारत के मुकुट कश्मीर में प्राकृतिक सौंदर्य का आनंद लेने गए पर्यटकों के नरसंहार की वारदात की कांग्रेस कठोर निंदा करती है। इस क्रूरता के चलते जान गंवाने वाले वाले लोगों को कांग्रेस ने विनम्र श्रद्धांजलि अर्पित की।

## हिंदू जागरण मंच परासिया ने पाकिस्तान का पुतला फूंका

**परासिया।** मंगलवार को पाकिस्तानी आतंकवादियों द्वारा जम्मू कश्मीर के पहलगाम



में हुए आतंकी हमले में 28 निर्दोष हिन्दुओं के जघन्य हत्याकांड से पूरा देश हतप्रभ और आहत है। हिन्दू जागरण मंच के कार्यकर्ताओं ने तहसील कार्यालय के सामने पाकिस्तान का पुतला जलाया। हिन्दू जागरण मंच, अधिवक्तागण, स्थानीय नागरिक, व्यवसायी द्वारा विरोध प्रदर्शन के पाकिस्तान का पुतला दहन किया गया।

# नेताओं से मिले सांसद विवेक साहू



**छिंदवाड़ा।** सांसद बंटी विवेक साहू ने भोपाल प्रवास के दौरान बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी.डी.शर्मा, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा से मुलाकात की और छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा जिले के विकास कार्यो की जानकारी देते हुए विकास कार्यो को गति देने एवं अन्य कार्यो की स्वीकृति सहित राशि की मांग की है। वहीं दोनों जिलों में संगठन की गतिविधियों को लेकर भी चर्चा की है।

उल्लेखनीय है कि सांसद श्री साहू दो दिनों से भोपाल दौरे पर है। पिछले दिनों उन्होंने मुख्यमंत्री डॉ.मोहन यादव से मुलाकात की थी। वहीं बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वी.डी.शर्मा, उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल एवं प्रदेश संगठन मंत्री हितानंद शर्मा से मुलाकात की है। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्रालय व मेडिकल शिक्षा मंत्री राजेन्द्र शुक्ल से मुलाकात करते हुए सांसद श्री साहू ने छिंदवाड़ा में हो रहे सिम्स के निर्माण,छिंदवाड़ा मेडिकल कॉलेज सहित छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा में संचालित हो रही विभिन्न स्वास्थ्य संबंधित सुविधाओं को लेकर विस्तार से चर्चा करते हुए छिंदवाड़ा एवं पांढुर्णा में स्वास्थ्य के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए धन्यवाद दिया एवं अन्य विकास कार्यो को गति देने के लिए राशि स्वीकृत करने की मांग भी की।

### पहलगाम में हुई घटना पर सांसद ने दुःख जताया एवं निंदा की

**छिंदवाड़ा।** दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के पहलगाम में गत दिनों आतंकियों द्वारा किए गये नरसंहार की सांसद बंटी विवेक साहू ने घोर निंदा की है, और इस घटना में मारे गये सभी पर्यटकों एवं आम नागरिकों के प्रति शोक सवेंदना व्यक्त करते हुए में ईश्वर से प्रार्थना करता हूँ कि वे आत्माओं को अपने श्री चरणों में स्थान देते हुए उन्हें मोक्ष प्रदान करें। साथ ही इस घटना में घायल हुए लोगों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की कामना की है। उन्होंने कहा कि आतंकियों द्वारा जम्मू कश्मीर की अर्थव्यवस्था पर सीधे तौर पर निशाना बनाते हुए पर्यटकों पर हमला किया गया। जम्मू कश्मीर के निवासियों का मूल व्यवसाय पर्यटकों पर आश्रित है। जिसे कमजोर करने का प्रयास आतंकियों द्वारा किया गया है।

## जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले में फंस गए थे

### पूर्व सांसद की व्यक्तिगत मदद से सुरक्षित घर लौटेंगे पटेल

**छिन्दवाड़ा।** जम्मू कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले की जिले के पूर्व सांसद नकुलनाथ ने कड़ी निंदा करते हुए शोकाकुल परिवारों के प्रति अपनी शोक संवेदनाएं व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि इस नापाक हरकत के खिलाफ देश के नागरिकों का खून खौल रहा है। देश के विभिन्न हिस्सों से पहलगाम पहुंचे पर्यटकों पर हुए हमले के वक्त छिन्दवाड़ा जिले के चौरई निवासी उन्नतशील किसान नवीन पटेल अपने भी अपने साथियों के साथ वहां मौजूद थे।चौरई निवासी नवीन पटेल आतंकी हमले के समय पहलगाम में उपस्थित थे और वे बहुत डरे हुए हैं यह जानकारी कमलनाथ को मिली तो उन्होंने तत्काल जम्मू कश्मीर में अपने व्यक्तिगत सम्बंधों से नवीन पटेल व उनके एक अन्य साथी को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के उपरांत आवश्यक सामग्री भी उपलब्ध करवाई साथ ही उनसे चर्चा कर सम्बल बढ़ाया ताकि वे दहशत से बाहर निकल सकें।

# दोस्तों के साथ नहाने गए नाबालिग की डूबने से मौत

## पुलिस ने रेस्क्यू चलाकर शव बाहर निकाला



**छिंदवाड़ा।** बुधवार को शाम 5 बजे कोतवाली पुलिस को सुचना मिली की कुलबहेरा नदी के घोगरा घाट मे नहाने गए तीन नाबालिग लड़को मे से एक लड़का फैज खान पिता अनीश खान निवासी दीवाचिपुरा का नहाते नहाते पानी मे डूब गया है बाहर नहीं आया है तत्काल कोतवाली थाना प्रभारी उमेश गोहलानी के द्वारा थाना स्टॉफ को लेकर पहुचे जहा पुलिस कण्ट्रोल रूम के माध्यम से एसडीआरएफ की टीम को सूचित किया गया एसडीआरएफ की टीम मोके पर पहुंची जहा कोतवाली थाना से एसआई नारायण बघेल, एएसआई ब्रिजेश रघुवंशी, कांस्टेबल निक्की विश्वकर्मा, कांस्टेबल विकास बैस एवं एसडीआरएफ की टीम के द्वारा नदी मे अंदर जाकर सव को नदी के पानी से बाहर निकाला है।.

## पुलिस ने पकड़ी अवैध अंग्रेजी शराब

**छिंदवाड़ा।** उमरानाला पुलिस ने चार पहिया वाहन में अवैध शराब का जखीरा पकड़ा। जिसमें बड़ी मात्रा में विदेशी शराब रखी हुई थी। बताया जाता है कि यह शराब सौंसर ग्रुप की रामाकोना दुकान से ठेकेदार ने लोड करवाकर गाड़ी छिंदवाड़ा भेज रहा था। जिसे उमरानाला पुलिस द्वारा गाड़ी को पकड़ लिया गया। इस मामले में पुलिस पर आरोप लग रहे हैं कि वाहन जितनी पेटी उससे कम बताया जा रहा है।

# कलेक्टर ने किया हनुमान लोंक फेस-1 के अंतिम दौर के कार्यो का निरीक्षण

**सौसर।** कलेक्टर अजय देव षर्मा ने चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर हनुमान लोक जामसांवली पहुच कर हनुमान लोक फेस-1 के कार्यो की समीक्षा करते हुये समय सीमा मई माह के अंतिम दिनों में पूर्ण करने के निर्देष दिये। कलेक्टर द्वारा मर्यादा पुरूषोत्तम भगवान श्री राम के परम भक्त हनुमान जी की श्रीमूर्ति का पूजन किया। इसके पष्चात क्रमष: मंदिर परिसर की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मंदिर परिसर के सूक्ष्म निरीक्षण के दौरान ट्रस्ट कमेटी को साफ सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने की बात कही। साथही मंदिर परिसर के पुजा सामग्री विकेता दुकानदारों को परिसर को पूर्णता: प्लास्टिक मुक्त करने हेतू सहयोग करने की अपील की। मंदिर प्रवेष द्वार से परिसर तक डामरीकृत सडक के किनारे पेवर ब्लॉक लगाये जाने हेतू लोक निर्माण विभाग के



एसडीओं को निर्देषित किया। नवाचार अंतर्गत मंदिर परिसर में श्रद्धालूओं द्वारा प्रतिदिन महाप्रसाद वितरण कार्यक्रम किया जाता है। जिसके तहत सुव्यवस्थित अन्न क्षेत्र के निर्माण पर भी जोर दिया। मंदिर न्यास के अध्यक्ष गोपाल षर्मा ने हनुमान लोक फेज-1 के अतिम दौर के निर्माण कार्यो का निरीक्षण कराया। इसके अलावा मंदिर परिसर की सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ पार्किंग स्थल को लेकर भी चर्चा की। उल्लेखनीय हो कि, कलेक्टर श्री षर्मा द्वारा समय-समय पर हनुमान लोक के कार्यो की समीक्षा की जाती है। कलेक्टर श्री षर्मा द्वारा हनुमान मंदिर परिसर में आयोजित 7 दिवसीय श्री हनुमान जन्मोत्सव की विभिन्न गतिविधियों के सफल आयोजन पर मंदिर न्यास के व्यवस्थाओं की सराहना की। अवसर पर मंदिर न्यास प्रबंध कार्यकारिणी के उपाध्यक्ष संतोष डवरे, सचिव टीकाराम कारोकार, सहसचिव एड एम एन खंडाईत, कोषाध्यक्ष संजय डवरे, सहकोषाध्यक्ष मनोहर षेलकी, सदस्यद्वय नितीन मोहगांवकर, पांडुरंग बोबडे, संदीप मोहोड, षिषिर खंडार, एड अजय धवले सहित एसडीएम सिद्धार्थ पटेल, एसडीओ लोनिवि सुधांषू चौरसिया, आरईएस एसडीओर टी पी घोरमारे आदि उपस्थित थें।

# डीएसपी प्रियंका पांडे डीजीसीआर मेडल से सम्मानित



**छिंदवाड़ा।** पुलिस मुख्यालय, मध्य प्रदेश द्वारा जारी आदेशानुसार, छिंदवाड़ा जिले में महिला सेल में पदस्थ पुलिस अधीक्षक (डीएसपी) श्रीमती प्रियंका पांडे को डीजीसीआर (Director GeneralÓs Commendation Roll) मेडल से सम्मानित किया गया है। यह सम्मान उन्हें सात अंशुलझे प्रकरणों को सफलता पूर्वक सुलझाने एवं अपराधियों को न्याय दिलवाने के उनके अद्वितीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया है।डीएसपी प्रियंका पांडे पूर्व में जिला सिंगरौली में पदस्थ थीं, जहाँ उन्होंने महिला संबंधी अपराधों की गंभीर विवेचना करते हुए सात मामलों में दोषियों को आजीवन कारावास की सजा दिलवाने में निर्णायक भूमिका निभाई।

## देश के प्रसिद्ध डायबिटोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रदीप गाडगे 26 को छिंदवाड़ा आएंगे

**छिंदवाड़ा।** वैश्य महासम्मेलन के तत्वावधान में होने वाले शुगर जांच शिविर एवं सेमिनार में मधुमेह दिवस पर विश्व की सबसे बड़ी डायबिटिक हेल्थ स्क्रीनिंग में प्रोग्राम आयोजित करने के लिए गिनीज वर्ल्ड ऑफ रिकॉर्ड में 2013 में अपना नाम दर्ज करने वाले देश के प्रसिद्ध डायबिटोलॉजिस्ट डॉक्टर प्रदीप गाडगे 26 अप्रैल को छिंदवाड़ा आ रहे हैं वैश्य महासम्मेलन प्रदेश संगठन महामंत्री के नेतृत्व में होने वाले इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य मधुमेह के प्रति व्याप्त भय को समाप्त करना है। प्रदेश महामंत्री संभाग प्रभारी मनीष अग्रवाल ने बताया कि इस जांच शिविर के लिए पंजीयन प्रारंभ कर दिए गए हैं जिसमें मरीजो का उपचार 27 अप्रैल को प्रात: 6 बजे से दोपहर 12 बजे तक विवांता हॉस्पिटल में किया जाएगा एवं दोपहर 3.30 बजे से नि:शुल्क वृहद सेमिनार गुरैया रोड स्थित रानी कोठी में किया जाएगा, जिसकी अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष शेषराव यादव करेंगे एवं कांग्रेस के प्रदेश उपाध्यक्ष गंगाप्रसाद तिवारी कार्यक्रम में मुख्य अतिथि रहेंगे, वैश्य महासम्मेलन संभागीय अध्यक्ष नीरज भारद्वाज ने बताया कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि डॉक्टर साहब का सानिध्य हमें मिल रहा है यह कार्यक्रम पूर्णत: अनुशासित व गरिमामयी वातावरण में संपन्न होगा इसका लाभ अवश्य लें। मीडिया प्रभारी विकास वात्सल्य ने बताया कि इस वृहद मधुमेह जांच शिविर एवं सेमिनार में मुंबई से ही सहयोगी डॉक्टर के रूप में डॉ. श्रीमती रोशनी गाडगे, डॉ. काजल शर्मा, डॉ. पूजा सालगांवकर एवं डॉ. निकिता परलकर भी अपनी सेवाएं देंगी।

# विश्व पृथ्वी दिवस पर ईको क्लब युक्त स्कूलों में चित्रकला, निबंध कार्यशाला एवं अन्य पर्यावरणीय गतिविधियों का हुआ आयोजन

**छिन्दवाड़ा।** विश्व पृथ्वी दिवस के अवसर पर जिले में संचालित ईको क्लब युक्त सभी शासकीय/अशासकीय विद्यालयों में विद्यार्थियों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता के लिए केंद्रीय शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार द्वारा ईको क्लब फॉर मिशन लाइफ कार्यक्रम के अंतर्गत सभी स्कूलों में पर्यावरणीय गतिविधि 22 अप्रैल 2025 को विश्व पृथ्वी दिवस पर कलेक्टर श्री शीलेन-?द्र सिंह के निर्देशन में जिला शिक्षा अधिकारी श्री जी.एस.बघेल एवं ईको क्लब के जिला नोडल अधिकारी विनोद तिवारी के कुशल मार्गदर्शन में पर्यावरणीय गतिविधियों का आयोजन किया गया।

ईको क्लब के जिला नोडल अधिकारी विनोद तिवारी ने बताया कि पूरे जिले में क्यू. आर. कोड पौधों में लगाए गए है, साथ ही कार्यशाला, प्रकृति भ्रमण, चित्रकला, निबंध सहित सिंगल यूज प्लास्टिक पर जागरूकता कार्यक्रम, भीषण गर्मी में पक्षियों के पीने के लिए जल पात्रों को रखने का कार्य ईको



क्लब के बच्चों के द्वारा किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर आधारित नुक्कड़ नाटक, रंगोली, मेंहदी एवं स्लोगन लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ईको क्लब के विद्यालयों के विद्यार्थियों ने भाग लिया। साथ ही प्रदेश स्तर पर विश्व पृथ्वी दिवस पर बेबीनार का आयोजन भी पर्यावरण नियोजन समन्वय संगठन भोपाल द्वारा प्रभारी श्री मनोहर पाटिल व एक पर्यावरण शिक्षा अधिकारी श्री दिलीप चक्रवर्ती द्वारा आयोजित किया गया था, जिसमें सभी ईको क्लब प्रभारीयों को पर्यावरणीय गतिविधियों की जानकारी प्रदान की गई। विकासखंड परासिया के विभिन्न स्कूलों व शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खिरसाडोह में ईको क्लब प्रभारी शाहिद अंसारी के नेतृत्व में ईको क्लब के बच्चों ने पौधो में क्यू.आर. कोड को बनाकर लगाए जिससे उस पेड़-पौधों की पहचान, उसका नाम एवं विशेषता क्यू.आर.कोड स्कैन कर ईको क्लब के बच्चों सहित अन्य लोग पहचान पाए ।

**न्यायालय तहसीलदार छिंदवाड़ा ( नगर )**

**इश्तेहार**

रा.प्र.क्र. 2827/ अ-6/2024-25
मौजा- छिंदवाड़ा

चूकि आवेदक श्री परिमल हलदुलकर पिता स्व. श्री कांतिकुमार हलदुलकर निवासी छिंदवाड़ा द्वारा मौजा छिंदवाड़ा पटवारी हल्का नंबर 13 राजस्व निरीक्षक मण्डल छिंदवाड़ा वृत्त-2 में स्थित भूमि खसरा नंबर 2153/21 रकबा 0.028 हेक्टेयर भूमि के खातेदार क्रांतिकुमार पिता रामाकांत हलदुलकर की दिनांक 13.01.2024 को मृत्यु होने से वारसान हक के आधार पर नाम दर्ज किये जाने हेतु आवेदन पत्र लोकसेवा केन्द्र छिंदवाड़ा का पंजीयन क्रमांक आरएस /455/0760/1433/2025 दिनांक 27.02.2025 के माध्यम से प्राप्त हुआ है।

एतद् द्वारा इस इश्तहार के माध्यम से सूचित किया जाता है कि, यदि उक्त आवेदन पर उन्हें कोई आपत्ति हो या दावा हो तो स्वयं या किसी अधिकृत अधिवक्ता अथवा मान्य अभिकर्ता के उपस्थित होकर अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत इस न्यायालय में पेशी 28.04.2025 तक प्रस्तुत कर सकता है। नियत् तिथि तथा स्थान पर उपस्थित नहीं हो पाने की अथवा दावा आपत्ति प्रस्तुत नहीं कर पाने दशा में अथवा पश्चात में प्राप्त होने वाले किसी भी दावा आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 23.04.2025 को मेरे हस्ताक्षर मय न्यायालय की पदमुद्रा के जारी किया गया।

तहसीलदार
छिंदवाड़ा नगर

# पहलगाम में आतंकी हमले के विरोध में दिये जलाने का किया आव्हान

**भोपाल।** आज सांय 6 बजे कमला पार्क पर भगवान अग्रसेन की प्रतिमा के सामने सभी सनातनी साथियों एवं बहनों से एकत्रित होने का आवाहन करते हैं। हिंदू धर्म के रक्षार्थ, पहलगाम में आतंकीयों द्वारा हमले में मारे गये निर्दोषों की आत्मा शांति हेतु आज हम सब एकत्रित होने जा रहे हैं । सभी आइये और अपनी श्रद्धांजलि अर्पित कर इस कुकृत्य का पुरजोर विरोध करे। सभी बहनों से निवेदन है कि अधिक से अधिक संख्या में घर से दिये लेकर आये। निवेदनकर्ता समग्र अग्रवाल समाज एवं महिला मंडल भोपाल। आग्रहकर्ताओं में लक्ष्मीनारायण बंसल, अनुपम अग्रवाल, मधुर अग्रवाल, श्रीमती मंजू गुप्ता , ज्योति बंसल एवं सनातन समाज शामिल हैं।




पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह ने मध्यप्रदेश कांग्रेस द्वारा भोपाल में निकाले गए कैंडल मार्च में शामिल होकर जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किये गए कायरतापूर्ण हमले में दिवंगत हुए निर्दोष नागरिकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। इसमें प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी, विधायक आरिफ मसूद भी शामिल हुए।









जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों द्वारा किये गए कायरतापूर्ण हमले में दिवंगत हुए निर्दोष नागरिकों के लिए न्यू मार्केट में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया।

# सुरक्षात्मक धरोहर संरक्षण वर्षा जल प्रबंधन पर कार्यशाला

**भोपाल।** सुरक्षात्मक धरोहर संरक्षण वर्षा जल प्रबंधन पर कार्यशाला में रविंद्र ठाकुर सलाहकार राज्य संग्रहालय पुरातत्व विभाग ने बताया कि धरोहर का अर्थ उन इमारतों, वस्तुओं, संरचनाओं, क्षेत्रों और




परिसरों से है जो ऐतिहासिक, सौंदर्यात्मक, स्थापत्य या सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। इसमें पर्यावरणीय महत्व या प्राकृतिक सौंदर्य वाले क्षेत्र जैसे पवित्र उपवन, पहाड़ियाँ, जल निकाय, खुले क्षेत्र, वनों आदि को भी शामिल किया जाता है। धरोहर का मूल्यांकन तीन प्रमुख अवधारणाओं पर आधारित होता है.

ऐतिहासिक महत्व ऐतिहासिक अखंडता

ऐतिहासिक संदर्भ

धरोहर संरक्षण क्या है?

धरोहर संरक्षण वह प्रक्रिया है जिसके माध्यम से किसी निर्मित धरोहर और उसकी सामग्री की ऐतिहासिक एवं डिज़ाइन अखंडता को योजनाबद्ध हस्तक्षेपों के माध्यम से बनाए रखा जाता है। यह धरोहर को परिवर्तन, हानि, क्षय या उपेक्षा से सुरक्षित रखने का कार्य है।

### धरोहर संरक्षण की आवश्यकता क्यों है?

इतिहास प्रयोगशाला के रूप में कार्य करता है और अतीत से हमें सामाजिक ढांचे को समझने में मदद मिलती है।

- यह हमारे अतीत को संरक्षित करता है और हमारे भविष्य को परिभाषित करता है।
- पारंपरिक कौशल का ज्ञान प्राप्त होता है।
- वैश्वीकरण के दौर में स्थान और पहचान की भावना को बनाए रखने में मदद करता है।
- आधुनिक जीवन के लिए प्रासंगिक मूल्यों को समाहित करता है।
- पारिस्थितिकीय संतुलन को समझकर पर्यावरण की गुणवत्ता में सुधार करता है।
- स्थानीय निर्माण सामग्री और तकनीकों के लिए वैकल्पिक रोजगार अवसर उत्पन्न करता है।
- प्राकृतिक पर्यावरण के साथ सहजीवी संबंध को बढ़ावा देता है।
- आधुनिकता और शहरीकरण के चलते अधिकतर धरोहर असुरक्षित हैं- इन्हें संरक्षित करना अत्यावश्यक है।

### संरक्षण के तत्व

1. **सुरक्षात्मक संरक्षण (Preventive Conservation):** यह सांस्कृतिक संपत्ति की रक्षा उसके पर्यावरण को नियंत्रित करके करता है, ताकि क्षय के कारक सक्रिय न हो सकें। इसमें जल, आंतरिक नमी, तापमान, वनस्पति, प्रकाश, आग, चोरी, तोड़फोड़ आदि से सुरक्षा शामिल है।

2. **हस्तक्षेपात्मक संरक्षण (Interventive Conservation):** इसमें संरक्षाणकर्ता का धरोहर से प्रत्यक्ष संपर्क होता है जैसे कि सफाई, स्थिरीकरण, मरम्मत या किसी भाग का प्रतिस्थापन। इसके अंतर्गत संरक्षण, सुद्धीकरण, पुनर्स्थापन, पुनरुद्धार, पुनरुत्पादन और पुनर्निर्माण आते हैं।

### धरोहर के क्षरण के कारक

**प्राकृतिक कारकः** बाढ़ और बारिश नमी मिट्टी के लवण और जल हवा वायु प्रदूषण सौर विकिरण- तापमान कंपन, सामाजिक कारक, आग शहरी विकास तोड़फोड़

## सोशल मीडिया से

### कविता

तू मनुष्यता के
तन-मन पर विषमय डंक
तू मनुष्यता के
ज्योतिर्मय पथ का पंक
तू मनुष्यता के
शशिमुख का कलुष कलंक
तू मनुष्यता के
विरुद्ध अपकर्म अशंक
तू अनक्ष, तू अनय अनंकुश,
तू आतंक !

तुझ पर कैसी कविता!
तुझ पर थू आतंक,
तुझ पर थू आतंक....

भारतवर्ष के समक्ष आए संकट पर भारत के साथ,
भारतीयों के साथ हमेशा तन मन धन से अपना
सर्वस्व न्योछावर करते जीवन जिएं हम सभी।

गला किसी भी हिन्दू का अब और न कटने पाए,
तोड़ो जाती की जंजीरे अब और न बँटने पाए।
राम कृष्ण की धरती से फिर राम राम है तुमको,
जागो हिन्दू बुला रही है भारत माता तुमको।।।

एक परिवार बतौर टूरिस्ट कश्मीर गया- अच्छी खासी लागत लगा साल भर की थकान, अपने इलाके की गर्मी से बचने कश्मीर गया।

वहाँ आतंकी हमला हुआ- और परिवार का मुखिया अपने परिवार की सुरक्षा के लिए थर थर काँपता हुआ- पहली मौत मरा ।

जब उसे खचेड़ कर बाहर निकाला गया तो बंदूकों को देख ख़ौफ़ से वो दूसरी मौत मरा ।

तीसरी मौत वो तब मरा जब उसे पूछा गया तेरा मजहब क्या है, तेरा धर्म क्या है। इस पल उसे अहसास हुआ- मेरा धर्म ही मेरी मौत का कारण है।

चौथी मौत वो तब मरा जब उसे उसके परिवार के सामने पैंट खोलने को कहा गया। शारीरिक रूप से एक अंग के छेदन ना होने से उसे गोली खानी होगी- ये भी एक मृत्यु से कम नहीं।

पाँचवी मौत वो मरा जब गोलियों ने उसका शरीर छलनी कर डाला- उसके परिवार के समक्ष। पत्नी बच्चों के क्रंदन के बीच प्राण छूटना, आत्मा का शरीर से साथ छूटना- सोच कर देखिए कितनी वेदना भरी होगी।

छठी मौत वो जब मरा जब उसकी आत्मा ने देखा कि उसकी पत्नी उसके हत्यारों से मौत माँग रही है और वो अट्टहास करते कह रहे है- जाओ मोदी को सब बताना।

सातवी मौत वो तब मरा जब उसकी आत्मा ने देखा- ज़माने भर के लोग उसको हत्यारों को डिफेंड करने तमाम कुतर्क गढ़ रहे है।


आठवी मौत वो तब मरा जब उसने पाया लोग उसे ही कोस रहे है कि वो आख़िर कश्मीर घूमने गया ही क्यों?

नौवी मौत वो तब मरा जब उसके लिए मुस्कुराते हुए भेड़ियों ने मोमबत्ती मार्च निकाला।

दसवीं मौत वो मरा जब उसकी हत्या का जिम्मेदार मज़हबी कारण ना बताते हुए केवल आतंकी हमला ठहरा दिया गया।

नरसंहार में मारे गए 27 लोग केवल एक मृत्यु नहीं मरे है- वो दस बार मरें है!




# व्यापारियों ने निकाला कैंडल मार्च




पहलगाम में हुए आतंकी हमले के विरोध में व्यापारियों ने भोपाल किराना व्यापारी महासंग के तत्वावधान में हनुमानगंज जनकपुरी गल्ला बाजार में काली पट्टी बांध कर मौन जलूस निकाला जिसमे नेहा बग्घा की एमपी प्रदेश प्रवक्ता भाजपा, सुनील पंजाबी अध्यक्ष भोपाल किराना ईश्वरदास संगतानी अध्यक्ष दाल चावल राजेंद्र राजदेव किशोर राजदेव शंकर सचदेवा अपूर्व पवैया रमाकांत तिवारी राजू भुरानी गिरधारीलाल चावला अशोक छाबड़िया अनिल राजदेव विवेक साहू व पूरा बाजार ही उपस्थित था उपस्थित थे।

# विद्यार्थी परिषद ने पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला फूंका, सख्त कार्रवाई की मांग की

**भोपाल।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद, भोपाल महानगर ने आज भारत माता चौराहा पर जम्मू कश्मीर में हुए आतंकी हमले के विरोध में पाकिस्तान और आतंकवाद के खिलाफ जोरदार विरोध प्रदर्शन किया । परिषद के कार्यकर्ताओं ने आतंकी हमले के खिलाफ आवाज़ बुलंद करते हुए पाकिस्तान और आतंकवाद का पुतला दहन किया। प्रदर्शन के दौरान परिषद कार्यकर्ताओं ने पाकिस्तान मुर्दाबाद, आतंकवाद मुर्दाबाद, औरभारत माता की जय जैसे नारों से विरोध किया । लगभग दो घंटे तक चले इस विरोध प्रदर्शन में बड़ी संख्या में



छात्र-छात्राओं उपस्थित रहे। महानगर मंत्री शिवम् जाट ने कहा- जम्मू कश्मीर को भारत कताज कहा जाता है , परंतु आतंकवाद द्वारा ऐसा नरसंहार निंदनीय है। पाकिस्तान लगातार आतंकियों को समर्थन देता आ रहा है। विद्यार्थी परिषद मांग करती है कि केंद्र सरकार आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कदम उठाए और आतंकवाद जड़ से खत्म करे।

# रामेश्वर शर्मा और उषा ठाकुर का आतंकियों पर तीखा हमला

**भोपाल।** जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमला के बाद राजनीतिक प्रतिक्रियाएं तेज हो गई हैं। मध्य प्रदेश के विधायक रामेश्वर शर्मा ने इस घटना की कड़ी निंदा करते हुए आतंकियों को चेतावनी दी हैं। उन्होंने कहा है कि शांति में अगर आग लगाई है, तो आंच तुम्हारे घरों तक जाएगी। भारत रात के 12 बजे भी जवाब देना जानता है। रामेश्वर शर्मा ने कहा कि भारत सरकार एक्शन मोड में है। गृह मंत्री अमित शाह



घटनास्थल पहुंच चुके हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपना विदेश दौरा बीच में छोड़कर देश लौट आए हैं। रामेश्वर शर्मा ने कश्मीर को शांति का टापू, केसर की क्यारी और हिंदुस्तान की धरती का स्वर्ग बताया हैं। उन्होंने कहा कि इस स्वर्ग को नर्क में बदलने की कोशिश करने वाले आतंकियों को जवाब जरूर मिलेगा। उन्होंने स्पष्ट कहा कि आतंक का हर रूप देश के संकल्प से कुचला जाएगा।

### आतंकवादियों का धर्म नहीं होताः उषा

पूर्व मंत्री और बीजेपी विधायक उषा ठाकुर ने कहा कि आतंकवादियों का कोई धर्म नहीं होता, सिर्फ विनाश उनकी पहचान है। उन्होंने आतंकियों द्वारा धर्म पूछकर की गई हत्याओं को मानवता का अपमान बताया।



ठाकुर ने धर्मनिरपेक्षता और सेकुलरिज्म की दुहाई देने वालों से सवाल किया कि अब वो कहां हैं? कलमा पढ़ने की बात को लेकर उषा ठाकुर ने आतंकियों पर निशाना साधत हैं। उषा ठाकुर ने कहा है कि जिस धर्मग्रंथ का हवाला देते हैं, उसे न पढ़ा है, न समझा है। अगर समझते, तो इंसानियत को नहीं मारते। उन्होंने इसे न सिर्फ आतंक की पराकाष्ठा बल्कि धार्मिक पाखंड का घिनौना चेहरा बताया। बीजेपी नेताओं के बयानों से स्पष्ट है कि केंद्र सरकार इस आतंकी हमले को हल्के में नहीं लेने वाली। घटनास्थल पर शीर्ष सुरक्षा एजेंसियों की मौजूदगी और प्रधानमंत्री का हस्तक्षेप, तेज और ठोस कार्रवाई की ओर इशारा कर रहा है।




आज जिला पंचायत कार्यालय पर पंचायती राज दिवस पर एकदिवसीय भूख हड़ताल पर बैठे। इस भूख हड़ताल में जिला पंचायत उपाध्यक्ष मोहन सिंह जाट विनय मेहर सदस्य चंद्रेश सुरेश राजपूत देव कुमार अनिल हांडा सहित अनेक लोग शामिल हुए।




# मिशन परिवार विकास पखवाड़े में लक्ष्य दंपतियों तक पहुंच रहे स्वास्थ्य कार्यकर्ता

**भोपाल।** परिवार कल्याण सेवाओं के लिए जागरूकता एवं स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए संचालित मिशन परिवार विकास पखवाड़े में परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों की सेवाएं लक्ष्य दंपत्तियों तक पहुंचाई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा नसबंदी, आईयूसीडी, अंतरा इंजेक्शन, ओरल पिल्स , छाया गोली, निरोध के उपयोग के लिए हितग्राहियों को जानकारी देकर प्रेरित किया जा रहा है। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत पिछले साल 12088 नसबंदी ऑपरेशन किए गए थे, जबकि 4855 आईयूसीडी एवं पीपीआईयूसीडी, 766 अंतरा साधन लगाए गए थे। पखवाड़े में नव विवाहित दंपतियों को विवाह का पंजीयन करवाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही नवदंपत्तियों को नई पहल किट प्रदान की जा रही है। इस किट में महिलाओं के लिए सौंदर्य प्रसाधन, परिवार नियोजन के साधनों की जानकारी एवं कंडोम व गर्भनिरोधक गोलियां दी जाती हैं। साथ ही प्रेगनेंसी टेस्ट किट भी प्रदान की जाती है।

जागरूकता रैलियों के माध्यम से परिवार कल्याण साधनों की जानकारी दी जा रही है। साथ ही विवाह के दो साल बाद पहला बच्चा, पहले बच्चे के जन्म के 3 साल बाद दूसरा बच्चा एवं दो बच्चों के बाद नसबंदी करवाने संबंधी जानकारी भी दी जा रही है। आशा कार्यकर्ताओं द्वारा नसबंदी करवाने के इच्छुक दंपतियों की सूची तैयार कर नजदीकी स्वास्थ्य संस्था में आयोजित नसबंदी शिविरों में नसबंदी करवाई जा रही है। परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय में महिला एवं पुरुष नसबंदी प्रतिदिन की जा रही है। साथ ही अंतरा इंजेक्शन भी प्रतिदिन लगाए जा रहे हैं। सिविल अस्पताल डॉ कैलाशनाथ काटजू में एलटीटी, सीटीटी, एलएससीएसटीटी सहित परिवार नियोजन के सभी अस्थाई साधनों की सेवा प्रतिदिन दी जा रही है। सिविल अस्पताल बैरागढ़ में परिवार नियोजन के सभी स्थाई एवं अस्थाई साधन सेवाएं प्रतिदिन उपलब्ध है । नसबंदी एवं अस्थाई साधनों की सुविधा एम्स चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, गैस राहत चिकित्सालय, खुशीलाल आयुर्वेदिक चिकित्सालय, कस्तूरबा चिकित्सालय एवं चिन्हित निजी चिकित्सा संस्थाओं में भी दी जा रही है ।

सुल्तानिया जनाना चिकित्सालय एवं इंदिरा गांधी गैस राहत चिकित्सालय में प्रतिदिन महिला नसबंदी हो रही हैं। इसके अतिरिक्त फिक्स्ड डे सर्विसेज के तहत सिविल अस्पताल बैरसिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार ,जवाहरलाल नेहरू गैस राहत चिकित्सालय, कस्तूरबा चिकित्सालय में निर्धारित दिवसों में नसबंदी ऑपरेशन किए जा रहे हैं। साथ ही विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सा संस्थाओं में भी नसबंदी की सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मिशन परिवार विकास पखवाड़े में नवविवाहित दंपतियों एवं दो बच्चे वाले दंपतियों को परिवार कल्याण कार्यक्रम की जानकारी देने के प्रयास विशेष रूप से किए जा रहे हैं। जिससे कि वे परिवार कल्याण कार्यक्रम में सही समय पर सक्रिय भूमिका निभा सकें ।



### दंपतियों को दी नई पहल किट दे रहे

परिवार कल्याण सेवाओं के लिए जागरूकता एवं स्वीकार्यता बढ़ाने के लिए संचालित मिशन परिवार विकास पखवाड़े में परिवार नियोजन के स्थाई एवं अस्थाई साधनों की सेवाएं लक्ष्य दंपतियों तक पहुंचाई जा रही हैं। स्वास्थ्य विभाग के मैदानी अमले द्वारा नसबंदी, आईयूसीडी, अंतरा इंजेक्शन, ओरल पिल्स, छाया गोली, निरोध के उपयोग के लिए हितग्राहियों को जानकारी देकर प्रेरित किया जा रहा है। परिवार कल्याण कार्यक्रम के तहत पिछले साल 12088 नसबंदी ऑपरेशन किए गए थे, जबकि 4855 आईयूसीडी एवं पीपीआईयूसीडी, 766 अंतरा साधन लगाए गए थे। पखवाड़े में नव विवाहित दंपतियों को विवाह का पंजीयन करवाने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है। साथ ही दंपतियों को नई पहल किट प्रदान की जा रही है।

### अंतरा इंजेक्शन भी प्रतिदिन लगाए जा रहे हैं

परिवार कल्याण कार्यक्रम अंतर्गत जिला चिकित्सालय में महिला एवं पुरुष नसबंदी प्रतिदिन की जा रही है। साथ ही अंतरा इंजेक्शन भी प्रतिदिन लगाए जा रहे हैं। सिविल अस्पताल डॉ कैलाशनाथ काटजू में एलटीटी, सीटीटी, एलएससीएसटीटी सहित परिवार नियोजन के सभी अस्थाई साधनों की सेवा प्रतिदिन दी जा रही है। सिविल अस्पताल बैरागढ़ में परिवार नियोजन के सभी स्थाई एवं अस्थाई साधन सेवाएं प्रतिदिन उपलब्ध है । नसबंदी एवं अस्थाई साधनों की सुविधा एम्स चिकित्सालय, मेडिकल कॉलेज, गैस राहत चिकित्सालय, खुशीलाल आयुर्वेदिक चिकित्सालय, कस्तूरबा चिकित्सालय एवं चिन्हित निजी चिकित्सा संस्थाओं में भी दी जा रही है । सुल्तानिया जनाना चिकित्सालय एवं इंदिरा गांधी गैस राहत चिकित्सालय में प्रतिदिन महिला नसबंदी हो रही हैं। इसके अतिरिक्त फिक्स्ड डे सर्विसेज के तहत सिविल अस्पताल बैरसिया, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र गांधीनगर, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कोलार ,जवाहरलाल नेहरू गैस राहत चिकित्सालय, कस्तूरबा चिकित्सालय में निर्धारित दिवसों में नसबंदी ऑपरेशन किए जा रहे हैं। साथ ही विभाग द्वारा मान्यता प्राप्त निजी चिकित्सा संस्थाओं में भी नसबंदी की सुविधा निशुल्क उपलब्ध करवाई जा रही है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी भोपाल डॉ प्रभाकर तिवारी ने बताया कि मिशन परिवार विकास पखवाड़े में नवविवाहित दंपतियों एवं दो बच्चे वाले दंपतियों को परिवार कल्याण कार्यक्रम की जानकारी देने के प्रयास विशेष रूप से किए जा रहे हैं। जिससे कि वे परिवार कल्याण कार्यक्रम में सही समय पर सक्रिय भूमिका निभा सकें । शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में पुरुष नसबंदी करवाने पर 3 हजार, प्रसव पश्चात महिला नसबंदी पर 3 हजार, अंतराल नसबंदी करवाने पर 2 हजार, पीपीआईयूसीडी लगवाने पर 300 एवं अंतरा इंजेक्शन लगवाने पर 100 रुपए हितग्राही को दिए जाते हैं।